रोहतक
बुधवार, 17 सितंबर 2025
अश्विन मास कृष्ण पक्ष, एकादशी वर्ष : 29, अंक : 228
पृष्ठ 16 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 36.5
न्यून. 21.6

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

विश्वकर्मा पूजा की मंगलकामनाएं




**SHOWROOMS: HARYANA:** RENAULT **ROHTAK CITY** Ph: 9311700651. RENAULT **AMBALA** Ph: 8448890326. RENAULT **BHIWANI** Ph: 8588874682. RENAULT **FARIDABAD** Ph: 8860681876. RENAULT **HISAR** Ph: 7428190240. RENAULT **JHAJJAR** Ph: 8130501404. RENAULT **JIND** Ph: 9582547926. RENAULT **KAITHAL** Ph: 9582331769. RENAULT **KARNAL** Ph: 7428190245. RENAULT **KURUKSHETRA** Ph: 8588875152. RENAULT **PANIPAT** Ph: 8588891170. RENAULT **SONIPAT** Ph: 9289631444. RENAULT **REWARI** Ph: 9643335838.

## खबर संक्षेप

### एमडीयू में आज से सीबीएसई राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता

**चंडीगढ़।** महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय (एमडीयू) रोहतक में 17 सितम्बर से यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल (यूसीएस) के तत्वावधान में सीबीएसई की राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता (बॉयज) शुरू होगी। इसमें भारत और विदेश के कुल 9 जोन की 300 टीमों के लगभग 750 प्रतिभाशाली खिलाड़ी विभिन्न आयु वर्गों में जलकौशल का प्रदर्शन करेंगे। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि खास बात ये है कि प्रतियोगिता में फॉरेन जोन से खाड़ी देशों- दुबई, कतर और ओमान के सीबीएसई स्कूलों की टीमें भी हिस्सा लेंगी।

### बिजली निगम में ट्रांसफर पॉलिसी शुरू

**चंडीगढ़।** ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी-2025 के तहत एचवीपीएनएल ने ग्रुप-ए श्रेणी में कार्यकारी अभियंताओं के तबादले कर दिए हैं। एचवीपीएनएल राज्य का पहला निगम है, जिसने ऑनलाइन तबादला प्रणाली लागू हुई। 18 कार्यकारी अभियंताओं का तबादला किया गया है।

### प्रशासन का अमला कई दिन से फिल्ड में, कार्यक्रम को लेकर तैयारी पूरी

# केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और सीएम आज रोहतक में, देंगे कई सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बुधवार को रोहतक में विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। वे स्वच्छता अभियान के तहत सेवा पखवाड़ा का शुभारम्भ करने के अलावा मैराथन को झंडी दिखाएंगे। इसके अलावा नई अनाज मंडी परिसर में भगवान श्री विश्वकर्मा जयंती के राज्य स्तरीय समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। जेपी नड्डा और मुख्यमंत्री के रोहतक दौरे को अहम माना जा रहा है। दोनों वरिष्ठ नेता रोहतक सहित प्रदेश को कई महत्वपूर्ण सौगात देंगे और कई नई घोषणाएं भी करेंगे। प्रशासन द्वारा सभी कार्यक्रमों की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है तथा सुरक्षा, पार्किंग व यातायात के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। पुलिस और प्रशासन ने सभी तैयारी पूरी कर ली हैं। जिले में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है।

### 12 बजे प्रधानमंत्री मोदी लाइव होंगे





केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सुबह 9:30 बजे स्थानीय हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के सेक्टर 2 स्थित नगर निगम की भूमि पर विकसित किए जा रहे नमो मियावाकी वन में पौधारोपण करेंगे। इसके उपरांत केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री तथा मुख्यमंत्री महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय स्थित टैगोर सभागार में स्वास्थ्य प्रदर्शनी, स्वास्थ्य जांच, रक्तदान शिविर तथा पोषण अभियान के तहत स्वस्थ नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दोपहर 12 बजे इस कार्यक्रम में लाइव जुड़ेंगे।

### सुबह 6:30 बजे से चलेंगे कार्यक्रम

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सुबह 6:30 बजे सुभाष चौक से स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री द्वारा स्थानीय मानसरोवर पार्क में पौधारोपण किया जाएगा तथा इसके उपरांत सुभाष चौक से नशा मुक्त हरियाणा की यूथ मैराथन को झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा, जो सुभाष चौक से शुरू होकर महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के प्रवेश द्वार पर संपन्न होगी।



### अधिकारियों ने की तैयारी

कार्यक्रम को लेकर अधिकारियों ने पूरा दिन तैयारियों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी दोपहर बाद एक बजे स्थानीय नई अनाज मंडी परिसर में भगवान श्री विश्वकर्मा जयंती के राज्य स्तरीय समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा समारोह स्थल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन एवं मिशन पर आधारित प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी, जिसका मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अवलोकन करेंगे।

## कुरुक्षेत्र में अमित शाह के स्वागत की तैयारी तेज, मुख्यमंत्री सैनी ने ली बैठक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 3 अक्टूबर, 2025 को कुरुक्षेत्र में नए लागू आपराधिक कानूनों पर आधारित एक प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। आयोजन की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज यहां वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक बैठक की अध्यक्षता की।

प्रदर्शनी एवं उद्घाटन समारोह की तैयारियों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि यह महत्वपूर्ण प्रदर्शनी 4–5 दिनों तक चले ताकि अधिवक्ता, छात्र, अभिभावक और आम नागरिक इसमें शामिल होकर आपराधिक न्याय प्रणाली में हुए बदलावों को समझ सकें। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि नए कानूनों पर व्याख्यान और पैनल चर्चा का आयोजन किया जाए, जिसमें कानूनी विशेषज्ञों और नागरिक समाज के प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो।

## जीएसटी स्लैब में छूट जनता को राहत : बेदी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़



कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि जीएसटी में सुधार कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना वादा निभाया है।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने आम आदमी के सुबह उठने से लेकर रात सोने तक की जरूरी दैनिक वस्तुओं में छूट देकर आम व्यक्ति का जीवन सरल बनाने का काम किया है। भाजपा विधायक दल कार्यालय चंडीगढ़ में आयोजित पत्रकार वार्ता में बेदी ने कांग्रेस को भी घेरा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का दोहरा चरित्र है, काउंसिल की बैठक में कांग्रेस नेता समर्थन करते हैं, लेकिन बाहर राहुल गांधी उन्हीं फैसलों का विरोध करते हैं। प्रेसवार्ता के दौरान भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी नवीन गर्ग भी मौजूद रहे। कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने जीएसटी सरलीकरण का ऐतिहासिक कदम उठाया है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार तो जीएसटी लागू करने की हिम्मत तक नहीं जुटा पाई।

## पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश को जबरन सेवानिवृत्त किए जाने का आदेश रद्द

**पंचकूला।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए सिरसा के पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिवा शर्मा को जबरन सेवानिवृत्त किए जाने का आदेश रद्द कर दिया। हाई कोर्ट ने माना कि यह फैसला बिना ठोस साक्ष्यों के लिया गया और यह प्रक्रिया न्यायसंगत नहीं थी। चीफ जस्टिस शील नागू और जस्टिस संजीव बेरी की खंडपीठ सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट के पूर्व जज आलोक सिंह जो प्रशासनिक जज भी थे की कड़ी आलोचना की है। खंडपीठ ने कहा कि उन्होंने सिरसा के जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिवा शर्मा की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट में अंतिम पांच महीनों के दौरान जो प्रतिकूल टिप्पणिया दर्ज कीं, वे किसी ठोस आधार या लिखित शिकायत पर आधारित नहीं थीं, बल्कि अप्रमाणित आरोपों और सामग्री पर आधारित थीं। इन्हीं टिप्पणियों के चलते शिवा शर्मा को 58 वर्ष की उम्र में सार्वजनिक हित₹ में अनिवार्य सेवानिवृत्ति दे दी गई थी।खंडपभीठ ने कहा कि जिस अधिकारी ने पूरे 30 वर्षों की सेवा में लगातार 'गुड 'और 'वेरी गुड की रेटिंग प्राप्त की हो, वह अचानक पांच महीनों में ईमानदारी संदिग्ध कैसे हो सकता है? कोर्ट ने इसे दुर्भावनापूर्ण और न्याय के सिद्धांत के विरुद्ध करार दिया।

**खंडपीठ ने कहा**

**जिस अधिकारी ने पूरे 30 वर्षों की सेवा में लगातार 'गुड 'और 'वेरी गुड की रेटिंग प्राप्त की हो, वह अचानक पांच महीनों में ईमानदारी संदिग्ध कैसे हो सकता है?**

370 पटवारियों को भ्रष्ट बताने वाली सूची लीक का मामला

## आरोपित तीनों अधिकारियों के खिलाफ चार्जशीट जारी, विभागीय कार्रवाई शुरू

**पंचकूला।** हरियाणा के राजस्व विभाग में कार्यरत 370 भ्रष्ट पटवारियों की सूची जारी करने के मामले में जांच रिपोर्ट राज्य सरकार ने हाई कोर्ट में दाखिल कर दी है। रिपोर्ट के आधार पर सक्षम प्राधिकारी ने तीनों अधिकारियों के खिलाफ सजा की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस संबंध में 4 सितंबर 2025 को चार्जशीट जारी की गई है। सरकार की तरफ से कहा गया कि यह सूची अति गोपनीय थी और सरकार की तरफ से इसको सार्वजनिक नहीं किया गया। इस मामले में याची ने कहा कि पटवारियों को भ्रष्ट बताने वाली सूची के सार्वजनिक होने के बाद इसे प्रकाशित किया गया। बिना किसी आधिकारिक जांच के व्यक्तियों को भ्रष्ट बताना उनके अधिकारों का उल्लंघन है और यह संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है। हरियाणा सरकार ने यह स्वीकार किया कि यह विभाग का सबसे गोपनीय दस्तावेज था। इस मामले में याचिकाकर्ता ने हाई कोर्ट से हस्तक्षेप की मांग की थी, ताकि उन 370 पटवारियों और 170 निजी व्यक्तियों के मूलभूत अधिकारों की रक्षा की जा सके, जिसका नाम प्रकाशित किया गया था।

**हाईकोर्ट ने कहा**

**बिना किसी आधिकारिक जांच के व्यक्तियों को भ्रष्ट बताना उनके अधिकारों का उल्लंघन है**

## सीएम ने स्टेट एनवायरमेंट प्लान का शुभारंभ किया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़




हरियाणा ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए प्रदूषण नियंत्रण और कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज स्टेट एनवायरमेंट प्लान-2025 का शुभारंभ और नॉन - सीओ2 पाथवेज़ रिपोर्ट 2025-26 का विमोचन किया। यह कदम हरियाणा के विकास और पर्यावरण संरक्षण में मील का पत्थर साबित होगा। योजना के लागू होने से वायु गुणवत्ता में सुधार होगा, प्रदूषण के स्तर में कमी आएगी और प्रदेश के नागरिकों को एक स्वच्छ, स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण मिलेगा। साथ ही, यह पहल हरियाणा को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सतत विकास के लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में अग्रणी बनाएगी। इस मौके पर पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव मंत्री राव नरबीर सिंह उपस्थित रहे।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि स्वच्छ पर्यावरण की दिशा में ऐसी पहल करने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य बन गया है। राज्य पर्यावरण योजना केवल एक या दो विभागों का काम नहीं है, कई विभागों को मिलकर काम करना होगा।



रोहतक
बुधवार, 17 सितंबर 2025
अश्विन मास कृष्ण पक्ष, एकादशी वर्ष : 29, अंक : 228
पृष्ठ 16 मूल्य 3.00
मौसम
अधि. 36.5
न्यून. 21.6
haribhoomi.com
हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी




# दिवाली बाद 'लाडो पर लक्ष्मी' कृपा

## एक नवंबर से महिलाओं के खाते में आएंगे 2100 रुपये | 25 सितंबर को लॉन्च होगा लाडो लक्ष्मी योजना का ऐप | प्रदेश की 20 लाख से अधिक महिलाओं को मिलेगा लाभ

प्रदेश की नायब सरकार ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए 2024 में किए गए अपने वादे को पूरा करने की दिशा में कदम बढ़ा दिया है।

### आवेदन के लिए ये दस्तावेज

पंजीकृत पहचान पत्र, ई-केवाईसी और डीबीटी के लिए आधार कार्ड, बैंक खाता पास बुक जो आधार से लिंक हो। एक लाख से कम का आय प्रमाण-पत्र। निवास प्रमाण पत्र, विवाह प्रमाण पत्र पासपोर्ट साइज फोटो, आधार से लिंक मोबाइल नंबर आवेदन के लिए जरूरी होगा।

### पहले चरण में इन्हें लाभ

सरकार लाडो लक्ष्मी योजना को चार फेज में शुरू करेगी। पहले फेज में उन महिलाओं को शामिल किया जाएगा, जो आर्थिक रूप से बहुत ज्यादा कमजोर हैं। पहले चरण में पीपीपी में दर्ज आय के हिसाब से ऐसी महिलाओं को प्राथमिकता मिलेगी, जिनकी वार्षिक आय एक लाख रुपये से भी कम है।

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा में लाडो लक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं को एक नवंबर से 2100 रुपये मिलने शुरू हो जाएंगे। कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने मंगलवार को कहा कि 25 सितंबर को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इसका ऐप लॉन्च करेंगे। इस दौरान जिलों में भी कार्यक्रम होंगे। उन्होंने बताया कि एक फोन से 25 महिलाएं रजिस्ट्रेशन कर सकती हैं, जिनके पास स्मार्ट फोन नहीं है वो एक ही फोन से अपना रजिस्ट्रेशन कर पाएंगी। इसके लिए उन्हें सीआरएस सेंटर जाने की जरूरत नहीं होगी। सरकार ने लाडो लक्ष्मी योजना के लिए 5000 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया है। जो महिलाएं 15 सालों से हरियाणा में रह रही हैं, उन्हें भी इस योजना का लाभ मिलेगा।

**23 से 60 वर्ष के बीच की महिलाएं उठा सकेंगी योजना का लाभ**

**घर बैठे एक फोन से कर सकेंगे 25 रजिस्ट्रेशन, अटल केंद्र सेंटर जाने की जरूरत नहीं**

**योजना के लिए सरकार ने 5000 करोड़ रुपये के बजट का किया है प्रावधान**




### किस कैटगरी की महिलाओं को नहीं मिलेगा लाभ

**कामकाजी महिलाओं को लाभ नहीं**

अभी तक योजना के लिए आवेदन करने के नियम व शर्तें सामने नहीं आई हैं, परंतु नौकरी करने वाली, कोई भी सामाजिक सुरक्षा पेंशन जैसे (बुढ़ापा व विधवा) लेने वाली व कामकाजी महिलाओं को योजना का लाभ नहीं मिलेगा। 15 साल से कम समय से हरियाणा में रहने वाली महिलाएं भी योजना के लिए पात्र नहीं मानी जाएगी। 23 से 60 वर्ष की महिलाएं ही योजना का लाभ ले सकेंगी। मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि मेरे विभाग को महिला सशक्तिकरण की दिशा में बढ़ाए गए कदम की जिम्मेदारी मिलना मेरे लिए गर्व की बात है तथा यह महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में एक अहम कदम साबित होगी।

### सरकार ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का काम किया : बेदी

कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का काम किया है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने जीएसटी सरलीकरण का ऐतिहासिक कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार तो जीएसटी लागू करने की हिम्मत तक नहीं जुटा पाई। बेदी ने कहा कि कांग्रेस सरकार वैट के माध्यम से गरीब जनता और व्यापारियों पर डाके डालती थी।



**पहाड़ी राज्यों में फिर तबाही, बारिश-बाढ़ से 15 की मौत**

# देहरादून में बादल फटा, सोंग नदी में बहने से चार की मौत

## उत्तराखंड की टोंस नदी में ट्रैक्टर बहने से 8 की मौत

**देहरादून (एजेंसी)।** उत्तराखंड के देहरादून में मंगलवार सुबह 5 बजे बादल फटने से तमसा, कारलीगाड़, टोंस और सहस्त्रधारा नदी में जलस्तर बढ़ गया। सहस्त्रधारा समेत आसपास के कई इलाकों के घरों, दुकानों और मंदिरों में 5-6 फीट तक पानी भर गया। कई सड़कें भी बह गईं। विकास नगर में टोंस नदी में पानी का बहाव अचानक तेज होने से मजदूरों से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली नदी में बह गई। इसमें 8 लोगों की मौत हो गई और 4 लोग लापता हो गए। वहीं, मालदेवता में सोंग नदी में 5 लोग बह गए, जिसमें से 4 के शव मिल गए हैं जबकि एक लापता है।



### टपकेश्वर महादेव मंदिर में भरा पानी

तमसा नदी के किनारे बने टपकेश्वर महादेव मंदिर में पानी भर गया। यहां मौजूद दुकानें बह गईं। 2 लोग लापता हैं। सहस्त्रधारा में 5 लोगों को बचाया गया। एसडीआरएफ, एनडीआरएफ टीमें राहत और बचाव कार्य में जुटी हैं।

### मंडी में लैंडस्लाइड में 3 की मौत

हिमाचल प्रदेश के मंडी में मंगलवार को लैंडस्लाइड से एक मकान ढह गया। इसमें एक ही परिवार के 5 लोग मलबे में दब गए, जिसमें 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि 2 लोगों का सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। वहीं मंडी के दरंग में मंगलवार सुबह मंदिर जा रहे दो लोग सुमा खड्ड के तेज बहाव में बह गए। इनमें से एक का शव मिल गया है, जबकि दूसरे की तलाश जारी है। धर्मपुर बस स्टैंड पर बारिश के बाद मलबा भर गया।

### हिमाचल में 650 सड़कें बंद

हिमाचल में मानसून की बारिश के कारण तीन नेशनल हाईवे समेत 650 सड़कें और 1205 डीटीआर बंद हैं। राज्य में 87 पुल टूट गए हैं। वहीं पिछले 24 घंटों में बारिश के बाद 160 पेयजल आपूर्ति योजनाएं ठप हो गई हैं। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने बताया कि 20 जून से बारिश से संबंधित घटनाओं और सड़क दुर्घटनाओं में 409 लोगों की मौत हो चुकी है। कई जिलों में 473 लोग घायल और 41 लापता हैं। 2100 से ज्यादा जानवर मारे गए।

### हरियाणा में मानसूनी हलचल तेज, तीन दिन बारिश संभव

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा में एक बार फिर से मानसून की हलचल शुरू हो गई है। यमुनानगर और पंचकूला में मंगलवार को बारिश हुई। मौसम विभाग का अनुमान है कि 17 सितंबर से एक बार फिर मौसम बदलेगा और 19 सितंबर तक लगातार बारिश होगी। तापमान में 0.3 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। सबसे ज्यादा तापमान हिसार में 36.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 20 सितंबर से मानसून की विदाई हो जाएगी। मानसून सीजन में अभी तक सामान्य से 40 प्रतिशत ज्यादा बारिश हो चुकी है।

**2 जिलों में बारिश, 19 तक अलर्ट**

**बीस से होगी मानसून की विदाई**

- सिरसा में डिग्गी में डूबा डूबने से 55 वर्षीय महावीर की मौत हो गई। वह जलघर के पास गए थे, तभी पैर फिसलने से पानी में गिर पड़े।
- हिसार के गांव ढाणी खान बहादुर के सरकारी स्कूल में दो फीट पानी भरा है। बच्चों को ट्रैक्टर-ट्रॉली से कक्षाओं तक ले जाया जा गया।
- गोहाना क्षेत्र में जेएलएन नहर से 40-45 साल के व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव बरामद हुआ। मृतक के बाएं हाथ की कलाई पर हिंदी में 'मां' लिखा है।

## खबर संक्षेप

### ट्रम्प ने मोदी को 75वें जन्मदिन पर दी बधाई

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी को फोन पर सबसे पहले 75वें जन्मदिन की बधाई दी। पीएम मोदी ने मंगलवार रात 10:53 बजे बताया कि ट्रम्प ने उन्हें फोन किया। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर कहा, 'अभी-अभी मेरे दोस्त, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बहुत अच्छी बातचीत हुई। मैंने उन्हें जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं दीं। *एजेंसी*

### मदर डेयरी ने 2 रुपये घटाए दूध के दाम

**नई दिल्ली।** मदर डेयरी ने अपने डेयरी प्रोडक्ट्स के दामों में कटौती का ऐलान किया है। यह फैसला हाल ही में जीएसटी दरों में कटौती के बाद लिया गया। प्रोडक्ट्स की कीमतों में 2 रुपये से लेकर 30 रुपये तक की कटौती की गई है। नई कीमतें 22 सितंबर से लागू होंगी। इसमें टेट्रा पैक दूध, पनीर, चीज, घी, मक्खन शामिल है। *एजेंसी*




# धर्मांतरण कानूनों पर हरियाणा समेत कई राज्यों को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

**राज्यों को जवाब देने के लिए चार सप्ताह का समय दिया**

**नई दिल्ली (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को हरियाणा सहित कई राज्यों को धर्मांतरण विरोधी कानूनों पर रोक लगाने का अनुरोध करने वाली याचिकाओं पर जवाब देने को कहा। राज्यों को नोटिस जारी करते हुए, प्रधान न्यायाधीश बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने स्पष्ट किया कि जवाब आने के बाद वह ऐसे कानूनों के क्रियान्वयन पर रोक लगाने के अनुरोध पर विचार करेगी। इसके बाद, पीठ ने राज्यों को जवाब देने के लिए चार सप्ताह का समय दिया और याचिकाकर्ताओं को उसके दो सप्ताह बाद प्रत्युत्तर दाखिल करने की अनुमति दी। मामले की अगली सुनवाई छह सप्ताह बाद निर्धारित की गई।

***याचिकाकर्ता बोले- कानून अल्पसंख्यकों की धार्मिक स्वतंत्रता पर रोक***

### संवैधानिक वैधता को चुनौती वाली याचिकाओं पर सुनवाई

पीठ उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, झारखंड और कर्नाटक सहित कई राज्यों द्वारा लागू किये गए धर्मांतरण विरोधी कानूनों की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। न्यायालय ने धर्मांतरण के विवादास्पद मुद्दे पर वरिष्ठ अधिवक्ताओं और अन्य की दलीलें सुनी।

**सट्टेबाजी ऐप से जुड़ा मामला**

## रॉबिन उथप्पा, युवराज सिंह और सोनू सूद को ईडी ने भेजा नोटिस

**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक कथित अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप से जुड़े धन शोधन मामले में अपनी जांच का दायरा बढ़ाते हुए पूर्व क्रिकेटरों रॉबिन उथप्पा और युवराज सिंह तथा अभिनेता सोनू सूद को नोटिस भेजकर पूछताछ के लिए तलब किया है। अधिकारियों ने कहा कि उथप्पा (39), युवराज सिंह (43) और सूद (52) को '1एक्सबेट' नामक प्लेटफॉर्म से जुड़े एक मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अगले सप्ताह दिल्ली में एजेंसी के मुख्यालय में जांच इकाई के सामने पेश होने और उनके बयान दर्ज कराने के लिए कहा गया है।

**रैना व धवन से हो चुकी है पहले पूछताछ**

**डंकी रूट से यूएस गया था गगन**

## करनाल के युवक की अमेरिका में हार्ट अटैक से गई जान

**करनाल (हरिभूमि न्यूज)।** करनाल के युवक जसबीर उर्फ गगन की अमेरिका में मौत हो गई। रूममेट के मुताबिक वह रात को खाना खाकर सोया और सुबह नहीं उठा। जिसके बाद उसकी मौत का पता चला। दोस्त ने परिवार को युवक की मौत की जानकारी दी। फिलहाल हार्ट अटैक से मौत होने की बात कही जा रही है। परिवार के मुताबिक युवक ढाई साल पहले 30 लाख खर्च कर डंकी रूट से अमेरिका गया था। इसके लिए उसने कर्ज भी लिया था। 4 साल पहले ही युवक के पिता की भी मौत हो चुकी है। परिवार ने अपनी कमजोर आर्थिक स्थिति का हवाला देकर केंद्र सरकार से युवक का शव लाने में मदद की गुहार लगाई है।

**रात को खाना खाकर सोया, सुबह उठा ही नही**

***सेना के अधिकारी की याचिका पर आर्म्ड फोर्सेज ट्रिब्यूनल के आदेश को हाईकोर्ट ने किया रद्द***

# केवल एफआईआर दर्ज होना ही पदोन्नति रोकने का आधार नहीं

**कोर्ट ने कहा-बिना चार्जशीट यह ठीक नहीं**

### जसप्रीत सिंह को जूनियर कमीशंड आफिसर (जेसीओ) के पद पर पदोन्नति का मिला था आदेश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि किसी कर्मचारी के खिलाफ केवल एफआईआर दर्ज होना इस बात का प्रमाण नहीं है कि उसके खिलाफ आपराधिक कार्रवाई लंबित है। अदालत ने साफ किया कि पदोन्नति को रोकने का आधार तभी बन सकता है, जब संबंधित व्यक्ति के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की जाए और न्यायालय उस पर संज्ञान ले या फिर आरोप तय कर दिए जाएं।



जस्टिस हरसिमरन सिंह सेठी और जस्टिस विकास सूरी पर आधारित डिवीजन बेंच ने यह आदेश जसप्रीत सिंह की याचिका पर जारी किया। जसप्रीत सिंह को 25 मई 2022 को जूनियर कमीशंड आफिसर (जेसीओ) के पद पर पदोन्नति का आदेश मिला था। हालांकि विभाग ने यह कहते हुए पदोन्नति लागू नहीं की कि उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज हो चुकी है। विभाग ने इस निर्णय के समर्थन में आर्मी आर्डर के क्लाज 3 (ए) का हवाला दिया। इसके खिलाफ जसप्रीत सिंह ने आर्म्ड फोर्सेज ट्रिब्यूनल चंडीगढ़ बेंच में अपील की, लेकिन ट्रिब्यूनल ने 14 दिसंबर 2023 को विभाग के पक्ष में फैसला सुनाते हुए याचिका खारिज कर दी।

### हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया

याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट में जसप्रीत सिंह की ओर से दलील दी गई कि एफआईआर दर्ज होना लंबित आपराधिक कार्रवाई के दायरे में नहीं आता और विभाग ने गलत तरीके से उनकी पदोन्नति रोकी है। दूसरी ओर, सरकार की ओर से कहा गया कि एफआईआर दर्ज होना ही आपराधिक कार्रवाई लंबित होने के बराबर है, इसलिए ट्रिब्यूनल का फैसला सही है।



मुख्यमंत्री नायब सैनी की कलम से : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्म दिन पर विशेष

# जनकल्याणकारी योजनाएं प्रदेश और राष्ट्र की प्रगति का आधार बनी

**प्रधानमंत्री ने पिछले 11 वर्षों से देश का नेतृत्व करने के साथ-साथ हरियाणा को भी अनेक योजनाओं से नवाजा**

**'लखपति दीदी' योजना से लाखों महिलांए आत्मनिर्भर बनीं। दिव्यांग पेंशन का दायरा बढ़ाकर बड़ी राहत दी**

**आज प्रदेश के 77 लाख से अधिक परिवारों को 1,020 से भी अधिक योजनाओं का लाभ घर बैठे मिल रहा**

आज विश्वपटल पर भारत देश की एक अनूठी पहचान बनी है। देश की बागडोर एक ऐसे दूरदर्शी नेता के हाथों में है जो केवल मात्र भारतमाता और जन-कल्याण को समर्पित है। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आज उनके 75वें जन्म दिन पर हरियाणा की जनता की ओर से मैं उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं और देश के प्रति उनके निरंतर मार्गदर्शन और नेतृत्व की कामना करता हूं। मुझे हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य करते हुए लगभग एक वर्ष हो गया है, मैंने यह व्यक्तिगत रूप से महसूस किया है कि देश को हर क्षेत्र में आगे ले जाने का नरेन्द्र मोदी जी में एक अलग ही जज़्बा है। उन्होंने अपनी पूरी ऊर्जा भारत को विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में खड़ा करने में लगा दी है। यह उनकी रणनीति का मूलमंत्र है कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास हो। उनका अटूट संकल्प और अथक परिश्रम हर भारतवासी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। मुझे इस बात का गर्व है कि नरेन्द्र मोदी जी का हरियाणा के प्रति एक विशेष लगाव है। इसका साक्षात प्रमाण है उन्होंने पिछले 11 वर्षों से देश का नेतृत्व करने के साथ-साथ हरियाणा को भी अनेक दूरगामी एवं कल्याणकारी योजनाओं से नवाजा है। नरेन्द्र मोदी जी ने अंत्योदय की भावना से प्रेरित होकर गरीब वर्ग का विशेष ख्याल रखा है।

## हरियाणा को मिलीं ऐतिहासिक सौगातें



प्रधानमंत्री जी के कुशल नेतृत्व में हरियाणा के लिए अन्य क्षेत्रों में भी कई ऐतिहासिक सौगातें मिली हैं, जिनमें पानीपत से बीमा सखी योजना की शुरुआत, करनाल में 700 करोड़ रुपये की लागत से महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय का शिलान्यास, 6,230 करोड़ रुपये से रिठाला-कुंडली मेट्रो कॉरिडोर की आधारशिला, फरीदाबाद में 625 करोड़ रुपये की लागत से ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज के नए भवन का शुभारंभ और यमुनानगर में 8469 करोड़ रुपये की लागत से थर्मल पावर प्लांट की तीसरी इकाई की आधारशिला जैसी परियोजनाएं शामिल हैं जिनसे हरियाणावासियों को अनेक सुविधाएं मिली हैं। इसके साथ ही, यमुनानगर में गोबर-धन संयंत्र, रेवाड़ी बाईपास का उद्घाटन और हिसार एयरपोर्ट से हवाई सेवाओं की शुरुआत ने प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है।

## हरियाणा का सौभाग्य : प्रधानमंत्री का अगस्त 2014 से अब तक 16 बार हरियाणा प्रदेश में आगमन हुआ


पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना उनका एकमात्र लक्ष्य रहा है। मोदी जी की जनकल्याणकारी योजनाएं प्रदेश और राष्ट्र की प्रगति का आधार बनी हैं। गांवों में 20 वर्ष से अधिक समय से पंचायती भूमि पर बने मकानों के मालिकों को मालिकाना हक देकर बड़ी राहत दी गई है। 'लखपति दीदी' योजना से लाखों महिलाएँ आत्मनिर्भर बनीं हैं। दिव्यांग पेंशन का दायरा बढ़ाकर हजारों लाभार्थियों तक पहुंचाया गया और श्रमिकों को करोड़ों रुपये की वित्तीय सहायता दी गई है। राष्ट्रीय स्तर पर स्वच्छ भारत अभियान, उज्ज्वला योजना, आवास योजना, फसल बीमा योजना, कौशल विकास योजना, सुकन्या समृद्धि योजना और बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसे कार्यक्रमों ने हर वर्ग को सशक्त किया। किसानों को 24 अधिसूचित फसलों पर एमएसपी मिल रहा है। वहीं डिजिटल इंडिया और मेक इन इंडिया ने आत्मनिर्भरता का मार्ग प्रशस्त किया, गरीब कल्याण योजना ने कमजोर वर्गों को सुरक्षा दी और ठोस कार्रवाइयों से आतंकवाद पर निर्णायक प्रहार किया गया। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि हरियाणा में 17 सितम्बर से 2 अक्तूबर 2025 तक राज्यव्यापी विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। ये आयोजन जनभागीदारी से और जनसेवा की भावना से आयोजित किए जाएंगे। हरियाणा का यह सौभाग्य रहा है कि प्रधानमंत्री जी का अगस्त 2014 से अब तक 16 बार हरियाणा प्रदेश में आगमन हुआ।

### एक समान विकास को जनकल्याण का मूल आधार बनाया

यह उनके कुशल नेतृत्व का ही हिस्सा है कि देश और प्रदेश में जाति, धर्म या क्षेत्रीयता से ऊपर उठकर एकसमान विकास को जनकल्याण का मूल आधार बनाया है। आज प्रदेश के 77 लाख से अधिक परिवारों को 1,020 से भी अधिक योजनाओं का लाभघर बैठे मिल रहा है, बाधारहित प्रशासनिक कार्य हो रहे हैं। प्रत्येक हरियाणावासी को भ्रष्टाचारमुक्त एवं पारदर्शी प्रशासन देने का जो बीड़ा उठाया था उसके सफल परिणाम आज आप सबके सामने हैं। इस लक्ष्य को हासिल करने में राज्य सरकार को केन्द्र सरकार और आम जनता का भरपूर सहयोग मिला है। मैं आशा करता हूं कि माननीय प्रधानमंत्री जी का कुशल मार्गदर्शन हमें मिलता रहेगा ताकि मैं हरियाणा के समूचे कल्याण के लिए निरन्तर कार्य करता रहूंगा।

इंस्टाग्राम पर लिखा- ये ट्रेलर था

## गैंगस्टर नोनी राणा ने ली यमुनानगर और लाडवा में फायरिंग की जिम्मेदारी




कुरुक्षेत्र। लाडवा में ठेके पर और यमुनानगर के पॉश एरिया मॉडल टाउन में हुई फायरिंग की जिम्मेदारी गैंगस्टर नोनी राणा ने ली है। इंस्टाग्राम पर काला राणा ग्रुप नाम से बने एक अकाउंट पर पोस्ट डालकर लिखा है कि राम राम सारे भाइयों को मैं नोनी राणा जो यमुनानगर बरनाला शोरूम और लाडवा ठेका पर रात को गोली चली है हमने चलवाई है और ये ट्रेलर था। पोस्ट के बाद साइबर सेल पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर निगरानी की जा रही है और यह भी वेरिफाई करने का प्रयास किया जा रहा है कि यह पोस्ट कहां से और किसके द्वारा डाली गई है।

बतां दे कि रविवार रात सिल्वर रंग की बाइक पर सवार तीन नकाबपोश बदमाशों ने पहले यमुनानगर के मॉडल टाउन मार्केट में बरनाला शॉपिंग मॉल के बाहर दो राउंड फायरिंग की, उसके बाद तीनों बदमाश लाडवा पहुंचे और यहां शराब के ठेके के बाहर 4 राउंड फायर किए और जाते-जाते एक घर के बाहर भी फायरिंग की। इसके बाद गन प्वाइंट पर एक किशोर से बाइक छीनी थी।

अब एक अक्टूबर को होगी वीसी से पेशी

## यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा कोर्ट में पेश वकील को सौंपी गई अधूरी चार्जशीट



हिसार। पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में पकड़ी गई यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को मंगलवार को अदालत में व्यक्तिगत रूप से पेश किया गया। इस दौरान मौजूद ज्योति के वकील कुमार मुकेश को अधूरी चार्जशीट की कॉपी सौंप दी गई। उनके वकील ने चालान की जांच करने की बात कही है। अदालत में मंगलवार को ज्योति मल्होत्रा की 12वीं पेशी थी। अब अगली पेशी एक अक्टूबर को निर्धारित की गई है जो वीसी के जरिए ही होगी। पेशी के दौरान अदालत के निर्देश पर ज्योति के वकील को चार्जशीट की कॉपी सौंप दी गई।

## शूटिंग के दौरान प्लास्टिक की गोली से कार का शीशा टूटा, परमीश घायल

अंबाला। पंजाबी सिंगर-एक्टर परमीश वर्मा शूटिंग के दौरान जख्मी हो गए। शूटिंग के दौरान गाड़ी पर चली प्लास्टिक की गोली से शीशा टूट गया। शीशे का एक टुकड़ा लगने से परमीश वर्मा जख्मी हो गए। उन्हें तुरंत प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। परमीश अपनी फिल्म शेरा की शूटिंग के लिए अंबाला आए हुए हैं। सेना एरिया में स्थित चर्च के पास एक टेक के दौरान परमीश की गाड़ी पर चली प्लास्टिक की गोली से गाड़ी का शीशा टूट उनके चेहरे पर लग गया।

### इंस्टाग्राम पर पोस्ट-भगवान के आशीर्वाद से मैं ठीक हूं



परमीश इलाज के बाद वापस चंडीगढ़ लौट गए हैं। फिल्म की शूटिंग को बीच में ही रोक दिया गया है। हालांकि परमीश की ओर से घटना की पुष्टि नहीं की गई लेकिन उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट जरूर शेयर की है जिसमें उन्होंने कार की सीट पर टूटे पड़े कांच के टुकड़ों की फोटो के साथ लिखा- भगवान के आशीर्वाद से मैं ठीक हूं।

## एशियन अचीवर्स अवॉर्ड्स में रवि शर्मा को 50 वर्षों के प्रसारण उत्कृष्टता का सम्मान



रवि शर्मा

रोहतक। ब्रिटेन के सबसे प्रिय रेडियो प्रसारकों में से एक रवि शर्मा को इस वर्ष एशियन अचीवर्स अवॉर्ड्स में स्पेशल अवॉर्ड फॉर कंट्रिब्यूशन टू ब्रॉडकास्टिंग से सम्मानित किया जाएगा। यह अवॉर्ड समारोह अपने 23वें वर्ष में है और ब्रिटिश एशियाई उपलब्धियों का सबसे प्रतिष्ठित व पुराना आयोजन माना जाता है। यह सम्मान समारोह शुक्रवार 19 सितंबर को लंदन हिल्टन ऑन पार्क लेन में आयोजित होगा। इसमें लगभग 600 अतिथि शामिल होंगे, जिनमें सेलिब्रिटी, बिजनेस लीडर्स और ग्लोबल स्टार्स मौजूद रहेंगे। पिछले कुछ आयोजनों में हॉल की नेटवर्थ 25 बिलियन पाउंड से अधिक आंकी गई है।रवि शर्मा, जो वर्तमान में लाइका रेडियो से जुड़े हैं, रेडियो उद्योग के दिग्गज प्रसारक हैं। यह सम्मान उनके प्रसारण क्षेत्र में पूरे 50 वर्षों के योगदान की पहचान है। वे अपनी अनोखी शैली गीतों की प्रस्तुति, थॉट ऑफ द डे, श्रोताओं से फोन-इन वार्तालाप और समाचार अपडेट के लिए श्रोताओं के बीच बेहद लोकप्रिय रहे हैं। रवि शर्मा हरियाणा के रोहतक में पले-बढ़े और कड़ी मेहनत की। बाद में वे ब्रिटेन पहुंचे और आज दक्षिण एशियाई समुदाय की सबसे प्रिय आवाजों में शुमार हैं। एपीजी के प्रबंध निदेशक प्रतीक दत्तानी ने कहा, हमारे अवॉर्ड्स का उद्देश्य दक्षिण एशियाई समाज के अग्रदूतों को पहचान देना है।



सत्यमेव जयते
भारत सरकार



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

सेवा ही संकल्प,
राष्ट्र प्रथम ही प्रेरणा...75 वर्ष



## जब महिलायें होंगी स्वस्थ, तभी तो परिवार और देश बनेगा सशक्त

# स्वस्थ नारी सशक्त परिवार

## अभियान का शुभारंभ

17 सितम्बर से 02 अक्टूबर, 2025

एवं

## पीएम मित्र पार्क, धार का शिलान्यास

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

के द्वारा

- देशभर में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन
- 8वें राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ
- PMMVY के अंतर्गत मातृत्व लाभ वितरण
- आदि सेवा पर्व का शुभारंभ
- एक करोड़ सिकल सेल स्क्रीनिंग काउंसलिंग कार्ड का वितरण
- सुमन सखी चैटबॉट का शुभारंभ
- 'एक बगिया माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत पौध वितरण

17 सितम्बर 2025 I धार, मध्यप्रदेश
DD न्यूज़ पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

## अभियान की गतिविधियाँ

### सभी महिलाओं के लिए चिकित्सा जांच और स्वास्थ्य सेवाएं

- ईएनटी, नेत्र, रक्तचाप, मधुमेह और दंत जांच
- कैंसर-मुख / स्तन/ ग्रीवा
- गर्भवती महिलाओं के लिए प्रसवपूर्व जांच
- टीकाकरण सेवाएँ / एनीमिया का स्तर
- टेलीमानस सुविधाएँ / टीबी जांच
- सिकल सेल
- विशेष परामर्श

### स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच आसान बनाने के लिए

- मातृ एवं शिशु सुरक्षा (एमसीपी) कार्ड
- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना नामांकन
- आयुष्मान वय वंदना कार्ड
- सिकल सेल कार्ड
- आभा आई डी कार्ड पंजीकरण
- पोषण ट्रैकर में लाभार्थियों का पंजीकरण

### स्वस्थ जीवनशैली और स्वास्थ्य के मानकों को बनाए रखना

- चीनी और खाद्य तेलों में 10% की कमी के साथ मोटापा कम करना
- स्थानीय और क्षेत्रीय भोजन को बढ़ावा देना
- प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिशु एवं छोटे बच्चों के आहार संबंधी आचरण
- मासिक धर्म स्वच्छता संवर्धन और पोषण
- टेक होम राशन (THR) का वितरण

नागरिकों की सक्रिय भागीदारी :
रक्तदान शिविर | निक्षय मित्र स्वयंसेवी पंजीकरण | अंगदान पंजीकरण

इन सेवाओं का लाभ लेने के लिए महिलायें एवं बच्चे अपने नजदीकी आयुष्मान आरोग्य मंदिर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र या आंगनवाड़ी केन्द्र से संपर्क करें

#SwasthNariSashaktParivar

CBC 46101/13/0018/2526

## खबर संक्षेप



### इंडिगो की 8 अक्टूबर से मुंबई कोपेनहेगन सीधी उड़ान

**मुंबई।** घरेलू एयरलाइन कंपनी इंडिगो आठ अक्टूबर से मुंबई से डेनमार्क की राजधानी कोपेनहेगन के लिए उड़ान सेवाएं शुरू करेगी, जिससे उत्तरी यूरोप में उसके अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का और विस्तार होगा। एयरलाइन ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एयरलाइन ने कहा कि नई सेवाएं सप्ताह में तीन बार संचालित की जाएंगी, और इसके लिए नॉर्स अटलांटिक एयरवेज से पट्टे पर लिए गए बोइंग 787-9 ड्रीमलाइनर विमान का इस्तेमाल किया जाएगा।

### सरकार ने कर्मचारियों को यूपीएस चुनने का एक बार का विकल्प दिया

**नई दिल्ली (भाषा)।** सरकार ने एक अप्रैल, 2025 और 31 अगस्त, 2025 के बीच सेवा में शामिल होने वाले और राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली का विकल्प चुनने वाले केंद्र सरकार के कर्मचारियों को एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) चुनने का एक बार का विकल्प देने का फैसला किया है। वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि इस विकल्प का प्रयोग यूपीएस के तहत अन्य पात्र श्रेणियों के लिए पहले से निर्धारित अंतिम तिथि के अनुरूप 30 सितंबर, 2025 को या उससे पहले किया जा सकता है। बयान में कहा गया है कि इस पहल का उद्देश्य केंद्र सरकार के कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के बाद की वित्तीय सुरक्षा की योजना बनाने का एक विकल्प प्रदान करना है।

### रुपया आठ पैसे चढ़कर 88.08 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता के पटरी पर लौटने की उम्मीदें बढ़ने से मंगलवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले आठ पैसे मजबूत



होकर 88.08 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि सकारात्मक घरेलू बाजारों और कमजोर डॉलर के कारण रुपये में मजबूती आई। अमेरिकी डॉलर फेडरल रिजर्व की आगामी बैठक और निराशाजनक आर्थिक आंकड़ों से पहले दो महीने के निचले स्तर पर आ गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 88.05 के भाव पर खुला और कारोबार के दौरान 88.16 के निचले और 88.01 के उच्च स्तर को छुआ।

# यदि आईटीआर भरने की तारीख चूके तो 31 दिसंबर तक भर सकते हैं आईटीआर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आयकर विभाग ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए आईटीआर भरने की तारीख को दो बार बढ़ा दिया था। पहले यह तारीख 31 जुलाई 2025 थी, जिसको बढ़ाकर 15 सितंबर 2025 किया गया था। मगर सीबीडीटी ने इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करने की डेडलाइन 15 से 16 सितंबर के लिएएक दिन और बढ़ा दिया था, लेकिन क्या आपको पता है कि आप 31 दिसंबर तक इनकम टैक्स फाइल कर सकते हैं? इनकम टैक्स फाइल करने वाले टैक्सपेयर्स की ओर से लगातार वेबसाइट के स्लो चलने की शिकायतें की जा रही थीं। कई सारी फर्मों में फॉर्म डाउनलोडिंग में दिक्कतों की बात कही थी, जिसको ध्यान में रखते हुए टैक्स डिपार्टमेंट ने आईटीआर डेडलाइन को 15 सितंबर से बढ़ाकर 16 सितंबर 2025 तक कर दिया था।

इनकम टैक्स रिटर्न भरने (आईटीआर) फाइल करने की डेडलाइन मंगलवार को खत्म हो गई। आज आखिरी तारीख होने के चलते 1 करोड़ से ज्यादा टैक्स रिटर्न फाइल किए जाने की उम्मीद है। अभी तक, असेस्मेंट ईयर 2025-26 के लिए 6.29 करोड़ रिटर्न दाखिल किए जा चुके हैं। पिछले साल के मुकाबले आईटीआर फाइलिंग में 7.5 प्रतिशत का उछाल आया है। मंगलवार को जिस तेजी से रिटर्न फाइल किए गए उसे देखते हुए लगता है कि इस बार यह 7.8 करोड़ के आंकड़े को पार कर जाएगा।

## लेट फाइल करने पर सेक्शन 234एफ के तहत लेट फीस देनी पड़ेगी

### लेट फाइलिंग का मतलब

हालांकि, अगर आप किसी कारणवश 16 तारीख तक भी आईटीआर फाइल नहीं कर सके तो आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। लेट पेमेंट के साथ 31 दिसंबर 2025 तक आईटीआर फाइल किया जा सकता है। लेट फाइलिंग यानी बिलेटेड रिटर्न वो आयकर रिटर्न होता है जो तय डेट पर या उससे पहले दाखिल नहीं किया गया। आयकर वेबसाइट के मुताबिक, अगर कोई व्यक्ति तय डेट या नोटिस में दी गई डेडलाइन तक रिटर्न फाइल नहीं करता, तो वो असेसमेंट ईयर खत्म होने से 3 महीने पहले या असेसमेंट पूरा होने से पहले, जो भी पहले हो, पिछले साल का रिटर्न दाखिल कर सकता है।




### पेनाल्टी कितनी लगेगी?

अगर आप तय डेट के बाद रिटर्न फाइल करते हैं, तो सेक्शन 234एफ के तहत लेट फीस देनी पड़ेगी। ज्यादातर करदाताओं के लिए ये फीस 5,000 रुपए है। लेकिन अगर आपकी टोटल इनकम 5 लाख रुपए तक है, तो फीस सिर्फ 1,000 रुपए होगी। अगर धारा 234एफ के अनुसार, यदि रिटर्न धारा 139(1) के तहत तय तिथि के बाद दाखिल किया जाता है, तो 5,000 रुपए का लेट शुल्क देना होगा। बाकी इनकम ज्यादा होने पर शुल्क ज्यादा लगता है।

## केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड का स्पष्टीकरण

# निजी स्वास्थ्य और जीवन बीमा पॉलिसियों के कमीशन-ब्रोकरेज पर आईटीसी का लाभ बंद

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने मंगलवार को कहा कि बीमा कंपनियां 22 सितंबर से व्यक्तिगत स्वास्थ्य और जीवन बीमा पॉलिसी के लिए कमीशन और ब्रोकरेज जैसे 'इनपुट' यानी कच्चे माल के लिए चुकाए गए जीएसटी पर इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का दावा नहीं कर पाएंगी।

- विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कराधान के बारे में स्पष्टीकरण जारी

सीबीआईसी ने 22 सितंबर से नए जीएसटी स्लैब लागू होने पर विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कराधान के बारे में स्पष्टीकरण देते हुए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों (एफएक्यू) की सूची जारी की है। जीएसटी परिषद ने तीन सितंबर को अपनी बैठक में व्यक्तिगत स्वास्थ्य और जीवन बीमा पॉलिसी पर चुकाए गए प्रीमियम को जीएसटी से छूट देने का निर्णय लिया।

**खास बातें**

- कच्चे माल के लिए चुकाए गए जीएसटी पर आईटीसी का दांवा नहीं
- सीईएसई ने कहा, 22 सितंबर से नए जीएसटी स्लैब लागू होंगे



**फिलहाल 18 फीसदी की दर से जीएसटी लगता है:** फिलहाल इस पर 18 प्रतिशत की दर से जीएसटी लगता है। छूट 22 सितंबर से प्रभावी होगी। इस सवाल के जवाब में कि बीमा कंपनियों की कौन सी 'इनपुट' सेवाएं जीएसटी से मुक्त हैं, सीबीआईसी ने कहा कि वर्तमान में, बीमा कंपनियां कमीशन, ब्रोकरेज और पुनर्बीमा जैसे कई इनपुट और इनपुट सेवाओं पर आईटीसी का लाभ उठा रही हैं।

### पुनर्बीमा सेवाओं को छूट दी जाएगी

*सीबीआईसी ने कहा, ''इन इनपुट सेवाओं में से, पुनर्बीमा सेवाओं को छूट दी जाएगी। अन्य कच्चे माल के मामले में इनपुट टैक्स क्रेडिट वापस ले लिया जाएगा। इसका कारण अंतिम उत्पाद सेवाओं को जीएसटी छूट दी जा रही है।'' इसका मतलब यह है कि व्यक्तिगत बीमा पॉलिसी के मामले में कमीशन और ब्रोकरेज जैसे 'इनपुट' पर चुकाए गए कर, बीमा कंपनियों के लिए लागत होंगी, क्योंकि वे ऐसे करों को समायोजित नहीं कर पाएंगी।*

### स्वास्थ्य सेवाओं पर भी पांच फीसदी की दर

*सीबीआईसी ने यह भी स्पष्ट किया कि 7,500 रुपये प्रति कमरा प्रतिदिन से कम या उसके बराबर मूल्य वाली आवास इकाइयां प्रदान करने वाले होटल ऐसी इकाइयों पर आईटीसी का लाभ नहीं उठा पाएंगे। इसका कारण ऐसी आपूर्तियों पर आईटीसी के बिना पांच प्रतिशत जीएसटी दर लागू है। इसी प्रकार, सौंदर्य और शारीरिक स्वास्थ्य सेवाओं पर भी बिना आईटीसी के पांच प्रतिशत की दर है।*

### अंतिम ग्राहक को बदलाव का लाभ मिले

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड ने कहा कि ऐसे सेवा प्रदाता जो बिना आईटीसी वाली पांच प्रतिशत श्रेणी में आते हैं, उनके पास इन सेवाओं पर आईटीसी के साथ 18 प्रतिशत शुल्क लेने का विकल्प नहीं है। नांगिया एंडरसन एलएलपी के भागीदार (अप्रत्यक्ष कर) राहुल शेखर ने कहा, ''सरकार चाहती है कि अंतिम ग्राहक को इन बदलावों का अधिकतम लाभ मिले, इसलिए उसने इन उद्योगों के लिए दोहरी दर संरचना की अनुमति नहीं दी है।''

### बिना इनपुट टैक्स पांच फीसदी स्लैब में

बार-बार पूछे जाने प्रश्नों की सूची के अनुसार, जो व्यवसाय बिना इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) के पांच प्रतिशत स्लैब में हैं, वे ऐसी वस्तुओं और सेवाओं के कच्चे माल पर चुकाए गए करों पर क्रेडिट का दावा नहीं कर पाएंगे। उदाहरण के लिए, कोई होटल, जो कमरों के लिए पूरी तरह से प्रयुक्त प्रसाधन सामग्री या सुविधाएं खरीदता है, जिन पर पांच प्रतिशत की दर से आईटीसी नहीं ली जाती, तो वह उन खरीदों पर आईटीसी का लाभ नहीं उठा सकता।

## सोना रिकॉर्ड 1.15 लाख के पार, चांदी भी नए शिखर पर



**नई दिल्ली।** कमजोर अमेरिकी डॉलर और फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की बढ़ती उम्मीदों के बीच मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 1,800 रुपये उछलकर 1,15,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, इसके अलावा 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,800 रुपये बढ़कर 1,14,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गयी। स्थानीय सराफा बाजार में, पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 500-500 रुपये गिरकर क्रमशः 1,13,300 रुपये और 1,12,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा, ''कमजोर डॉलर और फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर कटौती की बढ़ती उम्मीदों के चलते मंगलवार को सोना एक और रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया। डॉलर सूचकांक दस हफ्तों के निचले स्तर पर आ गया है, जिससे कीमती धातुओं की कीमतों में तेजी को बल मिल रहा है।'' इसके अलावा, मंगलवार को चांदी 570 रुपये चढ़कर 1,32,870 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। सोमवार को चांदी 1,32,300 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

## जीएसटी छूट को प्रमुखता से प्रदर्शित करें खुदरा विक्रेता




**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने खुदरा विक्रेताओं को निर्देश दिया है कि वे हाल ही में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में किए गए संशोधन के कारण मिलने वाली छूट को प्रमुखता से प्रदर्शित करें और उसका विज्ञापन करें। भारतीय खुदरा विक्रेता संघ को भेजे एक पत्र में, उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने कहा कि खुदरा विक्रेताओं को रसीद/बिल में जीएसटी में कमी को जीएसटी छूट के रूप में दर्शाना चाहिए और उच्च प्रभाव वाले उत्पादों पर विशेष ध्यान देना चाहिए। डीपीआईआईटी ने कहा, ''अपने नेटवर्क के माध्यम से वे 'जीएसटी के कारण छूट' को प्रमुखता से प्रदर्शित करें और उसका विज्ञापन करें। उदाहरण के लिए - अपने खुदरा नेटवर्क के माध्यम से पोस्टर/फ्लायर्स और विज्ञापन (प्रिंट, टीवी और ऑनलाइन) के माध्यम से ऐसा किया जाना चाहिए।

**सूचना**

मैं, धर्मपाल पुत्र श्री रूलिया राम निवासी गांव पाढ़ा, जिला करनाल, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा नाम पहले धर्मपाल (Dharam Pal) (बीच में अंतराल के साथ) लिखा जाता था। अब मैंने अपना नाम धर्मपाल (Dharampal) (बीच में बिना अंतराल) लिखना प्रारम्भ कर दिया है। भविष्य में मुझे सभी शैक्षणिक, सामाजिक, सरकारी, वित्तीय एवं अन्य अभिलेखों में केवल धर्मपाल (Dharampal) के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
IN THE COURT OF Sh. Sohan Lal Malik
**Additional Civil Judge (Senior Division), Bhiwani**
**RAJ KUMAR S/o ragbir**
**Vs.**
**GP**
**CNR No. HRBH02-002195-2025**
**Next Date :- 01-11-2025**
**PUBLICATION ISSUED TO:**
**GP**
**:-**
**ALL INDIA**
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **01-11-2025** at **10:00a.m.**
For details logon to **https://highcourtchd.gov.in/?mod=district.notice&district=Bhiwani**
**Additional Civil Judge (Senior Division) Bhiwani**
**Dated, this day of 11-09-2025**

## पंजाब ने सरहदी जिलों की ज़मीन को सिल्ट मुक्त करने के लिए केंद्र से मदद की मांग

**नई दिल्ली। (ब्यूरो)** पंजाब हाल ही में आयी बाढ़ के कारण के 2185 गांवों में लगभग 5 लाख एकड़ क्षेत्र की फसलें बर्बाद होने का हवाला देते हुए पंजाब के कृषि मंत्री सरदार गुरमीत सिंह खुड्डियाँ ने केंद्र सरकार से अपील की है कि पंजाब के सरहदी जिलों में कृषि भूमि को सिल्ट मुक्त करने के लिए राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई) के तहत 151 करोड़ रुपये अतिरिक्त वित्तीय सहायता के रूप में तुरंत जारी किए जाएँ। नई दिल्ली में मंगलवार को पूसा भवन में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित रबी सीजन फसलों संबंधी राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन-2025 को संबोधित करते हुए स खुड्डियाँ ने कहा कि हालिया बाढ़ से कृषि योग्य भूमि और खड़ी फसलों को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुँचा है। पंजाब के सरहदी जिले अमृतसर, गुरदासपुर, तरनतारन, पठानकोट, कपूरथला, फाजिल्का और फिरोज़पुर सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं, जहाँ खेतों में 5–5 फुट तक सिल्ट/रेत जमा हो गई है। उन्होंने कहा कि पंजाबियों ने देश के किसी भी हिस्से में संकट आने पर हमेशा बड़े दिल से मदद की है और अब इन आपदा भरे हालातों से पंजाब को बाहर निकालने के लिए केंद्र को मदद का हाथ बढ़ाना चाहिए। स खुड्डियाँ ने जोर देकर कहा कि परिस्थितियों की गंभीरता को देखते हुए आरकेवीवाई की डीपीआर श्रेणी के तहत यह फंड शीघ्र जारी करना आवश्यक है। इससे न केवल किसानों को राहत मिलेगी बल्कि राज्य की कृषि अर्थव्यवस्था को भी फिर से पटरी पर लाने में मदद मिलेगी।

- हेतु 80 करोड़ जारी करने की मांग: खुड्डियाँ

## व्यापार वार्ता बहाल होने की आशा से शेयर बाजार में तेजी लौटी



**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स करीब 595 अंक चढ़ गया जबकि एनएसई निफ्टी में 170 अंक की बढ़त दर्ज की गई। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर बातचीत का सिलसिला फिर से शुरू होने से बाजार ने तेजी दिखाई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 594.95 अंक यानी 0.73 प्रतिशत की बढ़त के साथ 82,380.69 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 657.74 अंक तक चढ़ गया था। निफ्टी 169.90 अंक यानी 0.68 प्रतिशत चढ़कर 25,239.10 अंक पर बंद हुआ। बाजार में रौनक लौटने के पीछे का कारण भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर फिर से बातचीत का सिलसिला शुरू होना रहा। भारत और अमेरिका के मुख्य वार्ताकारों ने प्रस्तावित व्यापार समझौते से जुड़े मुद्दों को सुलझाने के लिए मंगलवार को बातचीत शुरू कर दी। इस सप्ताह होने वाली अमेरिकी फेडरल रिजर्व की नीतिगत बैठक से पहले एशियाई और अमेरिकी बाजारों में तेजी रही जिसका सकारात्मक असर घरेलू बाजार पर पड़ा। सेंसेक्स की कंपनियों में कोटक महिंद्रा बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति, भारती एयरटेल और टाटा स्टील प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में एशियन पेंट्स और बजाज फाइनेंस शामिल हैं।

- सेंसेक्स 595 और निफ्टी 170 अंक चढ़ा

## दो दिवसीय 'राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन-रबी अभियान- 2025' आयोजित, कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**नई दिल्ली। (ब्यूरो)** 'राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन-रबी अभियान- 2025' में वर्ष 2025-26 के लिए 362.50 मिलियन टन उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जबकि यह आंकड़ा पिछले वर्ष 341.55 मिलियन टन का था। यह जानकारी सोमवार को दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दी। संवाददाता सम्मेलन में चौहान ने बताया कि देश का कुल खाद्यान्न उत्पादन वर्ष 2024-25 में 353.96 मिलियन टन तक पहुंच गया है, जो पिछले वर्ष के मुकाबले 21.66 मिलियन टन (6.5%) अधिक है। धान, गेहूं, मक्का, मूंगफली व सोयाबीन जैसी प्रमुख फसलों में रिकॉर्ड उत्पादन दर्ज किया है। निर्धारित लक्ष्य 341.55 मिलियन टन से यह 12.41 मिलियन टन अधिक है। उन्होंने बताया कि रबी सम्मेलन एक राष्ट्र-एक कृषि-एक टीम के ध्येय को सिद्ध करने का एक सफल उदाहरण है। इस सम्मेलन के माध्यम से विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के कृषि मंत्रियों एवं वरिष्ठ कृषि अधिकारियों को गहन विचार-विमर्श करने का मंच उपलब्ध हुआ है। पहले रबी सम्मेलन एक दिन का ही होता था, लेकिन इस बार और अधिक बारीकी से काम करने के उद्देश्य से सम्मेलन को दो दिवसीय रखा गया। शिवराज सिंह ने कहा कि कृषि के समग्र विकास के लिए केंद्र और राज्य एक साथ मिलकर काम करने के लिए एकत्रित हुए हैं। सम्मेलन के पहले दिन छह विषयों पर अलग-अलग समूहों में केंद्र और राज्यों के वरिष्ठ कृषि अधिकारियों ने विचार-विमर्श किया। अब अलग-अलग राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों का रोडमैप वहीं कार्यशाला करके तय किया जाएगा। इस दो दिवसीय सम्मेलन में जिन विषयों पर चर्चा हुई।

- रबी फसलों के लिए 3 अक्टूबर से शुरू होगा 'विकसित कृषि संकल्प अभियान

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **अमन उर्फ चिंटू, पुत्रः** नरेश कुमार, **पताः** ग्राम ब्राहमवास, रोहतक, हरियाणा **FIR No: 553/24, Dt. 14.12.2024 U/S: 25 Arms Act, पुलिस थानाः स्पेशल सेल, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अमन उर्फ चिंटू,** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अमन उर्फ चिंटू,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुल्त **अमन उर्फ चिंटू, FIR No: 553/24, Dt. 14.12.2024 U/S: 25 Arms Act, पुलिस थानाः स्पेशल सेल, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.11.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सिद्धांत सिहाग,
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी–02
कोर्ट कमरा नं. 07, मुख्य भवन
पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली

DP/12208/Spl. Cell/2025
(Court Matter)

## राशिफल

**मेष:** किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। सन्तान के स्वास्थ्य में सुधार होगा। मानसिक शान्ति रहेगी। शिक्षा में व्यवधान आ सकते हैं।

**वृष:** अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी महिला से धन की प्राप्ति हो सकती है। मन में नकारात्मक विचारों का प्रभाव हो सकता है।

**मिथुन:** चिकित्सीय खर्च और भवन के मरम्मत पर खर्च बढ़ सकते हैं। वाणी में कठोरता रहेगी। वाणी का प्रभाव भी बढ़ेगा। समाज में मान-सम्मान मिलेगा।

**कर्क:** मन में निराशा एवं असन्तोष रहेगा। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**सिंह:** न परेशान रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव बढ़ सकता है। आत्मविश्वास रहेगा। भवन सुख में वृद्धि हो सकती है। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं।

**कन्या:** शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। आत्मविश्वास बढ़ेगा। मन में शान्ति का प्रभाव रहेगा। धैर्यशीलता में कमी रहेगी।

**तुला:** बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। आय के स्रोत भी विकसित होंगे। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। भवन सुख में वृद्धि हो सकती है।

**वृश्चिक:** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। कारोबार की स्थिति मजबूत होगी।

**धनु:** वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता रहेगी। नौकरी में बदलाव की स्थिति बन रही है। भाई-बहनों का सानिध्य एवं सहयोग मिलेगा।

**मकर:** शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कारोबार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। किसी मित्र के सहयोग से किसी सम्पत्ति में निवेश कर सकते हैं।

**कुंभ:** नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा। क पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। क्रोध एवं आवेश की अधिकता रहेगी।

**मीन:** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार रहेंगे। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे।

**हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन**

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**चिकित्सा**

सेक्स रोगों के लिए सलाह मुफ़्त
अशोक क्लीनिक
निकट पीतमपुरा मैट्रो स्टेशन दिल्ली
9811092140 संडे क्लोज

## शब्द पहेली - 5991




**बाएँ से दाएँ**
1.जायकेदार,लजीज–5
4.नट का खेल–4
7.राय,वोट–2
8.दुरुह,कठिन–3
9.प्रहार,घात–2
10.अचरज भरा कार्य–4
11.शराब,मद्य–2
13.साझेदार–4
14.क्षण,लम्हा–2
16.सहयोग–3
18.अड़िग–3
19.कैद, बंधक–3,2
21.चुगली करना–2,3
24.धावक (अंग्रेजी–3)
26.अग्नि, आग–3
28.टैक्स, हाथ–2
29.एक मुगल सम्राट–4
30.टकटकी–2
32.कैंची से काटना–4
33.आत्मा–2
35.सीरा,मिष्ठान–3
36.आगमन–2
37.जोरदार–4
38.तेज दौड़ना–5

**ऊपर से नीचे**
1.बुरी आदत–2
2.झगड़ा,रार–4
3.फिल्मी दुनिया–3,2
4.लेखनी,पेन–3
5.इस पर रोटी सेंकते हैं–2
6.वटवृक्ष–4
7.मन को भाने वाला–5
10.बुरा आचरण–4
12.यमराज–2
15.चुनौती–4
17.विदरण,एकता भंग–3
18.आर्द्रक–4
20.भूमि,धरती–3
22.आवेश में आना–4
23.नामकरण–2,3
25.नरक में रहना–5
26.जामफल–4
27.बेल,लतिका–2
29.प्रार्थना,ईश्वर वंदना–4
31.जलजला–3
34.मैं का बहुवचन–2
36.रुपये का सोलहवां भाग–2

### शब्द पहेली- 5990 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | द | च | रि | त्र | | | ब | ह | रा | |
| मा | मा | | या | | अ | द | द | | ह | क |
| ज | | | स | ज | दा | | न | | | हा |
| वा | र | दा | त | | | श | | प | नी | र |
| दी | | मि | | ह | म | रा | ज | | र | |
| | रा | नी | | रा | | फ | | बी | ज | |
| | ह | | श | र | ब | त | | ह | | म |
| क | त | रा | | त | | | अ | ड़ | च | न |
| हा | | | चिं | | म | लि | न | | | भा |
| नी | र | | त | न | य | | ब | | श | व |
| | थ | का | न | | | म | न | मो | ह | न |



## खबर संक्षेप

### उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन से मिले पलानीस्वामी

**चेन्नई (भाषा)।** अन्नाद्रमुक महासचिव ए. के. पलानीस्वामी ने मंगलवार को दिल्ली में नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की और उन्हें जीत की बधाई दी। उन्होंने कहा कि राधाकृष्णन का उपराष्ट्रपति बनना तमिलनाडु के लिए गर्व की बात है। पलानीस्वामी के साथ पार्टी के उप महासचिव के. पी. मुनुसामी, मुख्यालय सचिव एसपी वेलुमणि व कुछ सांसद भी थे। पलानीस्वामी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, कि मैंने राधाकृष्णन को उनकी जीत पर बधाई दी तथा उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति के रूप में जनता की सेवा करने में सफलता की कामना की।

### भाजपा ने राहुल गांधी पर साधा निशाना

**नई (भाषा)।** भाजपा ने पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर शाहिद अफरीदी द्वारा राहुल गांधी की ''सकारात्मक सोच'' की प्रशंसा करने के बाद मंगलवार को विपक्षी नेता पर निशाना साधा और कहा कि वह पाकिस्तान के ''प्रिय'' रहे हैं और पड़ोसी देश के लोग उन्हें अपना नेता चुन सकते हैं। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने पलटवार करते हुए भाजपा नेता अनुराग ठाकुर के साथ अफरीदी की एक तस्वीर पोस्ट की और कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी को कांग्रेस से सवाल पूछने में शर्म आनी चाहिए।

**सौगात:** प्रधानमंत्री के जन्मदिन कार्यक्रमों से जनता से जुड़ने की कोशिश करेगी भाजपा

# पीएम मित्र पार्क की आधारशिला रखेंगे और 'सेवा पखवाड़ा' का शुभारंभ करेंगे



*पीएम नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस पर भाजपा बड़ा संदेश देने की कोशिश करेगी। भाजपा आज देश में 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग एक लाख स्वास्थ्य कैम्प लगाएगी। पखवाड़े तक चलने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के जरिये पार्टी लोगों से जुड़ने की कोशिश करेगी। इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।*

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

बुधवार को प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा और केंद्र व राज्यों में उसकी सरकारें कई कल्याणकारी और विकास योजनाएं शुरू करेंगी। मोदी 17 सितंबर को 75 वर्ष के हो जाएंगे। पीएम मोदी देश के पहले पीएम मित्र पार्क की आधारशिला रखेंगे और धार से 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' और आठवें राष्ट्रीय पोषण माह का आरंभ करेंगे। कई अन्य विकास पहलों का अनावरण करेंगे। एक लाख से अधिक स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे, जिससे यह देश में महिलाओं और बच्चों के लिए अब तक का सबसे बड़ा स्वास्थ्य अभियान बन जाएगा। देश के सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में प्रतिदिन स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे।'' भाजपा देश भर में रक्तदान और स्वास्थ्य शिविरों सहित ऐसे कई आयोजन करेगा।

**▶▶ सत्तारूढ़ दल 17 सितंबर से 2 अक्टूबर (महात्मा गांधी की जयंती) के बीच मनाएगा**

**▶▶ ये कार्यक्रम 'सेवा पखवाड़ा' का हिस्सा**




मुंबई के लालबाग में मोदी का जन्मदिन मनाते एक कला विद्यालय के छात्र।

### यह कार्यक्रम होंगे

ये कार्यक्रम 'सेवा पखवाड़ा' का हिस्सा हैं, जिसे सत्तारूढ़ दल 17 सितंबर से 2 अक्टूबर (महात्मा गांधी की जयंती) के बीच मनाएगा। ये कार्यक्रम 'सेवा पखवाड़ा' का हिस्सा हैं, जिसे सत्तारूढ़ दल 17 सितंबर से 2 अक्टूबर (महात्मा गांधी की जयंती) के बीच मनाएगा। देश भर में पार्टी संगठन, केंद्र सरकार या भाजपा शासित राज्यों की भागीदारी से भारत में निर्मित वस्तुओं को बढ़ावा देने के लिए स्वदेशी मेले, मोदी विकास मैराथन, विकसित भारत पर चित्रकला प्रतियोगिता, बुद्धिजीवियों के साथ संवाद, रक्तदान और चिकित्सा शिविर, तथा स्वच्छता अभियान आयोजित किए जाएंगे। केंद्रीय गृह मंत्री शाह राष्ट्रीय राजधानी में ऐसी कई पहलों की शुरुआत करेंगे।

▶▶ धार में, मोदी ''प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना'' के तहत 10 लाख पात्र महिलाओं के बैंक खातों में सीधे धनराशि हस्तांतरित करेंगे

▶▶ मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए 'सुमन सखी चैटबोट' का भी अनावरण करेंगे।

▶▶ मोदी राज्य में एक करोड़वां सिकल सेल स्क्रीनिंग व परामर्श कार्ड प्रदान करेंगे।

▶▶ '5एफ' दृष्टिकोण - खेत (फार्म) से फाइबर, फाइबर से फैक्ट्री, फैक्ट्री से फैशन और फैशन से विदेश के अनुरूप, प्रधानमंत्री धार में पीएम मित्र पार्क का उद्घाटन करेंगे।

### दिल्ली में 75 ड्रोन उड़ाकर जन्मदिन की बधाई दी जाएगी

*देश की राजधानी दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर 75 बड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। भाजपा ने सत्ता हासिल करने के साथ ही दिल्ली को विकसित राजधानी के रूप में परिवर्तित करने का सपना लोगों को दिखाया था। पीएम के जन्मदिवस पर इसी को थीम बनाया गया है। बुधवार को दिल्ली को पांच नए अस्पताल मिलेंगे। 75 ड्रोन उड़ाकर मोदी को जन्मदिन की बधाई दी जाएगी। दिल्ली की सार्वजनिक बस सेवा को बेहतर बनाने के लिए सौ नई बसों को बुधवार को ही सड़कों पर उतारा जाएगा। इसके अलावा अंग प्रत्यारोपण की नई सुविधाएं देकर प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर बड़ी सौगात दी जायेगी। पीएम की अब तक की जीवन यात्रा पर विशेष प्रदर्शनी के साथ दिल्ली के स्कूली छात्रों की विशेष चेन अपने अलग अंदाज में मोदी को जन्मदिन की बधाई देंगे।*

न्यायालय ने राज्य आयोग को लगाई फटकार

# महाराष्ट्र में 31 जनवरी तक निकाय चुनाव कराएं: सुको

**2022 में होने थे चुनाव, राज्य और राज्य निर्वाचन आयोग को और समय नहीं दिया जाएगा**

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने आदेश का पालन न करने के लिए महाराष्ट्र राज्य निर्वाचन आयोग को फटकार लगाते हुए मंगलवार को निर्देश दिया कि 2022 से रुके हुए राज्य के स्थानीय निकाय चुनावों को बिना किसी और विस्तार के 31 जनवरी, 2026 तक पूरा किया जाए। किसी अन्य रसद सहायता की आवश्यकता हो, तो 31 अक्टूबर, 2025 से पहले तुरंत अर्जी दायर की जा सकती है। उसके बाद प्रार्थना पर विचार नहीं किया जाएगा।

### नकदी की कमी का सामना करना पड़ेगा

*न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जोयमाल्या बागची की पीठ ने कहा, राज्य और राज्य निर्वाचन आयोग को और समय नहीं दिया जाएगा। पीठ को सूचित किया गया कि नगर पालिकाओं का परिसीमन कार्य प्रगति पर है और राज्य निर्वाचन आयोग ने बोर्ड परीक्षाओं के कारण स्कूल परिसरों की अनुपलब्धता के अलावा अपर्याप्त ईवीएम सहित अन्य आधारों पर समय-सीमा बढ़ाने का अनुरोध किया है। हम इस बात पर गौर करने के लिए बाध्य हैं कि राज्य निर्वाचन आयोग निर्धारित समय-सीमा में न्यायालय के निर्देशों का पालन करने के लिए त्वरित कार्रवाई करने में विफल रहा। हालांकि, एकमुश्त रियायत के रूप में हम निम्नलिखित निर्देश जारी करना उचित समझते हैं।''*

SBI
भारतीय स्टेट बैंक
केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, मुंबई
फोन: 022-22820427
आवेदन के लिए क्यूआर स्कैन करें

**संविदा आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की भर्ती**
(पंजीकरण विंडो को 15.09.2025 से 29.09.2025 तक पुनः खोला जाएगा)

विज्ञापन संख्या CRPD/SCO/2025-26/05 के तहत अनुबंध के आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की भर्ती हेतु विज्ञापन दिनांक 11.07.2025 से 07.08.2025 तक पंजीकरण के लिए खोला गया था।

निम्नलिखित पदों के लिए पंजीकरण विंडो को 15.09.2025 से 29.09.2025 तक पुनः खोलने का निर्णय लिया गया है।

संविदा आधार पर निम्नलिखित पद के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2025-26/05 (संशोधित)

| क्र.सं. | पद का नाम | रिक्ति | प्रकार |
|---|---|---|---|
| 1 | महाप्रबंधक (आईएस ऑडिट) | 01 | संविदा |
| 2 | एवीपी (आईएस ऑडिट) | 14 | संविदा |

**जिन उम्मीदवारों ने इस भर्ती के लिए उपरोक्त पदों में से किसी एक के लिए 11.07.2025 से 07.08.2025 की अवधि के दौरान पहले आवेदन किया है, उन्हें दोबारा आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। केवल वे उम्मीदवार जिन्होंने पहले आवेदन नहीं किया है, वे विज्ञापन संख्या CRPD/SCO/2025-26/05 (संशोधित) में दिए गए विस्तृत विवरण के अनुसार पदों के लिए संशोधित पात्रता मानदंडों के साथ आवेदन कर सकते हैं।**

पात्रता मानदंड (आयु, अनुभव, जॉब प्रोफाइल आदि), रिक्ति विवरण, आवश्यक शुल्क एवं अन्य विवरण के लिए बैंक की वेबसाइट https://bank.sbi/web/careers/current-openings पर लॉग ऑन करें और ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करें तथा आवेदन शुल्क ऑनलाइन जमा करें. आवेदन करने और शुल्क जमा करने से पहले अपनी पात्रता एवं अन्य विवरण सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत विज्ञापन पढ़ें. कोई अन्य जानकारी के लिए कृपया "CONTACT US" → "Post Your Query" लिंक के माध्यम से हमें लिखें, जो कि बैंक की अधिकृत वेबसाइट (https://bank.sbi/web/careers/post-your-query) पर उपलब्ध है.

- **आवेदन ऑनलाइन जमा करने और शुल्क का भुगतान करने की तिथि : 15.09.2025 से 29.09.2025 तक.**

स्थान: मुंबई
दिनांक: 15.09.2025
महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)

## मेघालय में मुख्यमंत्री ने मंत्रिमंडल में फेरबदल किया, आठ विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली

भाषा ▶▶ शिलांग



मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड के. संगमा ने अपनी गठबंधन सरकार के मंत्रिमंडल में मंगलवार को बड़ा फेरबदल किया जिसके तहत आठ विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के टिमोथी डी शिरा, भाजपा के सनबोर शुल्लई, यूनाइटेड डेमोक्रेटिक पार्टी (यूडीपी) के मेतबाह लिंगदोह ने राजभवन में आयोजित समारोह में शपथ ली। एनपीपी के वेलादमिकी शायला, सोस्थनीज सोहटुन और ब्रेनिंग ए संगमा तथा 'हिल स्टेट पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी' (एचएसपीडीपी) के मेथोडियस दखार और यूडीपी के लाहकमेन रिम्बुई को भी मंत्रिपरिषद में शामिल किया गया।

## लाभप्रद व्यापार समझौते तक पहुंचने के प्रयासों में तेजी लाएंगे भारत-यूएस

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ की चुनौती के बीच मंगलवार को दोनों देशों के व्यापार प्रतिनिधियों के बीच नई दिल्ली में एक बार फिर से बातचीत के सिलसिले की शुरुआत हुई। जिसमें भाग लेने के लिए बीते सोमवार देर रात अमेरिका के मुख्य व्यापार वार्ताकार ब्रेंडन लिंच भारत पहुंचे। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग

**▶▶ दोनों देशों के व्यापार प्रतिनिधियों में चर्चा हुई**

मंत्रालय ने 16 सितंबर को जारी बयान में बताया कि ब्रेंडन लिंच के साथ हुई बातचीत में भारत की तरफ से वाणिज्य मंत्रालय के अधिकारी मंत्रालय में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में शामिल हुए। द्विपक्षीय व्यापार समझौते के महत्व को स्वीकार करते हुए दोनों पक्षों के बीच हुई यह वार्ता सकारात्मक रही।

## भारत की 'पड़ोसी पहले' नीति में मॉरीशस का विशेष स्थान: मुर्मू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम से मुलाकात की और कहा कि अब अंतरिक्ष क्षेत्र और डिजिटल प्रौद्योगिकियों समेत नए क्षेत्रों में दोनों देशों का द्विपक्षीय सहयोग बढ़ रहा है।

राष्ट्रपति भवन में रामगुलाम का स्वागत करते हुए मुर्मू ने कहा कि भारत की 'पड़ोसी पहले' नीति,



'महासागर' दृष्टिकोण और 'ग्लोबल साउथ' के प्रति हमारी प्रतिबद्धता में मॉरीशस का विशेष स्थान है। रराष्ट्रपति को यह जानकर खुशी हुई कि भारत और मॉरीशस के बीच साझेदारी व सहयोग हर क्षेत्र में निरंतर बढ़ रहा है।

पी एम विश्वकर्मा | भारत सरकार, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय | NATIONAL SC-ST HUB

"पी एम विश्वकर्मा न केवल देशभर के कारीगरों और शिल्पकारों के कौशल को बढ़ाएगा, बल्कि उनके द्वारा बनाए गए उत्पादों को विश्व स्तर पर नई पहचान भी दिलाएगा।"



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी
सेवा ही संकल्प, राष्ट्र प्रथम ही प्रेरणा...75 वर्ष

**पी एम विश्वकर्मा**
एवं
**एससी-एसटी हब महासम्मेलन, 2025**

श्री जीतन राम मांझी
केंद्रीय मंत्री,
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

सुश्री शोभा करांदलाजे
राज्य मंत्री
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

की अध्यक्षता में

पी एम विश्वकर्मा-प्रगति के दो वर्ष



**पी एम विश्वकर्मा**
- 30 लाख विश्वकर्माओं का सफल पंजीकरण
- 23 लाख विश्वकर्माओं को कौशल प्रशिक्षण
- 5 लाख विश्वकर्माओं को ₹4,166 करोड़ का ऋण स्वीकृत
- 8 लाख विश्वकर्माओं को टूलकिट

**राष्ट्रीय एससी-एसटी हब स्कीम**
- 1.5 लाख से अधिक एससी/एसटी लाभान्वित
- एससी/एसटी इकाइयों से सार्वजनिक खरीद में 36 गुना वृद्धि

**प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी)**
- 10 लाख इकाइयों को ₹28,333 करोड़ की सब्सिडी
- 86 लाख रोजगार सृजित

CBC 25113/15/0030/2526

सम्मान | सामर्थ्य | समृद्धि 17 सितम्बर 2025, प्रातः 10:30 बजे | अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर, बोधगया, बिहार

## पीओएस मशीनों का सॉफ्टवेयर अपडेट, प्रदेश के लोग हो रहे थे परेशान

सितंबर माह का राशन नहीं मिल पा रहा था, अब राशन मिलेगा

# बीपीएल परिवारों को राशन मिलना शुरू चालीस लाख से अधिक गरीबों को राहत

### बॉयोमेट्रिक वेरिफिकेशन के बाद मिलता है राशन

सुरेंद्र असीजा ▶▶ फतेहाबाद

हरिभूमि इम्पैक्ट

प्रदेश में राशन डिपूओं पर पीओएस मशीनों के अपडेशन होने के बाद मंगलवार को राशन डिपूओं पर राशन वितरण का काम शुरू हो गया। मंगलवार को पीओएस मशीनों के चालू हो जाने के बाद सभी डिपूओं पर राशन लेने के लिए लाभार्थियों की लंबी कतारें लग गई। हालांकि मंगलवार को भी पीओएस मशीनों में रेंज व सर्वर डाउन होने की शिकायतें मिली जिस कारण दिनभर एक-एक उपभोक्ता पर राशन डिपू संचालकों को काफी मेहनत करनी पड़ी। बता दें कि इससे पूर्व पीओएस मशीनों के अपडेशन कार्य के चलते प्रदेश के करीब 46 लाख से अधिक गरीबों को सितंबर माह का राशन नहीं मिल पा रहा था। 'हरिभूमि' ने 15 सितंबर के अंक में इस समाचार को 'पीओएस मशीनों का सॉफ्टवेयर अपडेट नहीं हुआ, 46 लाख को नहीं मिला राशन' शीर्षक से प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इसके बाद विभाग की नींद खुली और मंगलवार को लाभार्थियों को राशन वितरण का काम शुरू किया गया।



#### राशन वितरण का काम शुरू हुआ

हमने पीओएस मशीनों को जल्द अपडेट करके राशन वितरण शुरू करने की बात मुख्यालय को लिखी थी। दो दिन पूर्व पत्र लिखा था। सोमवार शाम को मुख्यालय से निर्देश आए कि पीओएस मशीनों को अपडेट कर दिया गया है। इसके बाद मंगलवार सुबह जिलेभर के राशन डिपूओं पर राशन वितरण का काम शुरू कर दिया गया है।
**-विनीत जैन**, डीएफएससी फतेहाबाद

#### पीओएस मशीनें काम नहीं कर रहीं थी

प्रदेश सरकार द्वारा एपीएल और बीपीएल श्रेणी के गरीबों को हर महीने राशन डिपुओं के माध्यम से राशन वितरण किया जाता है। डिपुओं पर पीओएस मशीनों पर बॉयोमेट्रिक वेरिफिकेशन के बाद पात्र लोगों को राशन दिया जाता है। फिलहाल उन गरीब परिवारों को अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा था जो बरसात और जलभराव वाली स्थिति में फंसे हैं। एक तरफ प्राकृतिक आपदा और दूसरी तरफ सरकार की ओर से राशन वितरण में इस माह हो रही देरी के कारण पात्र गरीब परिवार राशन नहीं मिल पाने से परेशान थे। आमतौर पर हर महीने की एक से 5 तारीख तक पात्र परिवारों तक राशन पहुंच जाता है।

#### बाजार से खरीद रहे थे महंगा राशन

राशन डिपू पर चक्कर काटकर परेशान हो चुके उपभोक्ताओं काशीराम, माया देवी, सुनील, बिमला, सुरेन्द्र, रामनिवास, सुशीला आदि ने राशन वितरण शुरू होने पर खुशी जताते हुए कहा कि अब तो उनके घर का राशन खत्म हो चुका था। 15 दिन बीते जाने के बाद भी उन्हें राशन नही मिला, मजबूरन उन्हें बाजार से महंगा राशन लेना पड़ रहा था। अब राशन मिलने से उन्हें कुछ राहत मिली है। उनकी सरकार से मांग है कि इन परिवारों की आर्थिक हालत को देखते हुए महीने के पहले सप्ताह में राशन वितरण सुनिश्चित किया जाए। पिछले दिनों राशन वितरण नहीं हो पाने की स्थिति में प्रदेश स्तर पर खाद्य, नागरिक एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री राजेश नागर के साथ विभाग के महानिदेशक व सभी जिलों के डीएफएससी की एक वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक भी आयोजित हुई थी जिसमें राशन वितरण निर्देश दिए थे।

---

गिरोह कर रहा किसानों की कृषि भूमि का पंजीकरण, कृषि विभाग ने पुलिस को दी शिकायत


# क्षतिपूर्ति पोर्टल में पंजीकरण फर्जीवाड़ा राजस्व को वित्तीय क्षति पहुंचा रहा गिरोह

### क्षतिपूर्ति पोर्टल में मेवात के लोगों ने करवाया पंजीकरण

सतीश सैनी ▶▶ नारनौल

हरिभूमि विशेष

क्षतिपूर्ति पोर्टल में किसानों की जमीन का पंजीकरण करने वाला गिरोह के तार मेवात से जुड़े है। हरिभूमि ने जब इस मुद्दे को उठाया तो किसानों ने लिखित शिकायत उपायुक्त व कृषि विभाग को दी। कृषि विभाग ने इन शिकायतों को आधार मानते हुए पुलिस विभाग को मंगलवार पत्र भेजा है। कृषि विभाग का भी कहना है कि गिरोह के सदस्य गलत तरीके से कृषि भूमि पर पंजीकरण करके जिला महेंद्रगढ़ के किसानों को अपना निशाना बना सरकार के राजस्व को वित्तीय क्षति पहुंचा रहे है। जिसके कारण जिले के किसानों को मानसिक व आर्थिक क्षति पहुंचा रहें हैं।



#### कृषि विभाग ने पुलिस को भेजी शिकायत

कृषि तथा किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक देवेंद्र सिंह ने मंगलवार पुलिस अधीक्षक को पत्र क्रमांक 10004 भेजा है। इसमें उन्होंने कहा है कि जितेंद्र पुत्र महीपाल वासी ढाणी बाठोठा द्वारा शिकायत प्राप्त हुई है कि उनकी तीन एकड़ कृषि भूमि पर गिरोह के सदस्य रासिद ने पंजीकरण किया हुआ था। इसके अलावा उपायुक्त महोदय के संदर्भित पत्र के माध्यम से ग्राम कांवी, ढाणी बाठोठा व मंढाणा के किसानों से भी इस बारे में शिकायतें प्राप्त हुई है।

#### किसान ने कृषि विभाग को दी शिकायत

गांव ढाणी बाठोठा वासी जितेंद्र कुमार पुत्र महीपाल ने कृषि विभाग को शिकायत दी है। शिकायत में बताया है कि उसकी कृषि भूमि का ऑनलाइन कराने के लिए सीएससी सेंटर पर गया था। वहां पर पता चला उसकी कृषि भूमि किसी ओर ने ऑनलाइन करवा रखी थी। जिसका नाम राशिद है और उसका मोबाइल भी है। इसने तीन किला जमीन अपने नाम से ऑनलाइन करवा रखी थी। इससे संपर्क करने के लिए कई बार फोन किए। काफी समय बाद उसने फोन उठाया तो मना कर दिया। जब अंत में पुलिस की धमकी दी, तब इसने भूमि को अपने नाम से ऑनलाइन हटा दी। वह कृषि विभाग से मांग करता है कि इसमें उचित कार्रवाई की जाए ताकि इस तरह का फर्जीवाड़ा किसी ओर के साथ ना हो। प्रमाण शिकायत के साथ दिए जा रहे है।

---



## पीएम मोदी के जन्मदिन पर 75 मेडिकल जांच कैंप लागाएगी इलेक्ट्रोहोम्योपैथी मेडिकल काउंसिल: डॉ. खनगवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

इलेक्ट्रोहोम्योपैथी मेडिकल काउंसिल हरियाणा की तरफ से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर बुधवार शुरू हो रहे सेवा पखवाड़ा के दौरान इलेक्ट्रोहोम्योपैथी के 75 मेडिकल जांच कैंप लगाए जाएंगे। इलेक्ट्रोहोम्योपैथी मेडिकल काउंसिल हरियाणा के चेयरमैन डॉ विनोद खनगवाल ने बताया कि स्वास्थ्य जांच कैंप पूरे प्रदेश में आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रोहोम्योपैथी मेडिकल काउंसिल के प्रतिनिधिमंडल ने भाजपा के हरियाणा अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने मुलाकात कर इसकी जानकारी दे दी है। बड़ौली ने भी उन्हें आश्वासन दिया है कि वे सरकार से अनुरोध करेंगे कि प्रदेश में इलेक्ट्रोहोम्योपैथी को मान्यता देने पर विचार किया जाए। डॉ खनगवाल ने बताया कि प्रदेश के लगभग सभी जिलों में मेडिकल जांच कैप का आयोजन किया जाएगा। जांच कैंप बुधवार को सुबह 11 बजे से शुरू होंगे। इस दौरान मरीजों में फ्री में दवाइयां दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि इस पैथी में सभी बीमारियों का इलाज संभव है।

## युद्ध के गैर-परंपरागत खतरों से जुड़ी अदृश्य चुनौतियों से मुकाबले को तैयार रहें सेनाएं : राजनाथ

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

घरेलू और वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों के बीच कोलकाता में आयोजित किए जा रहे सेना, वायुसेना और नौसेना के तीन दिवसीय 'संयुक्त कमांडर सम्मेलन-25 (ट्रिपल-सी)' के दूसरे दिन मंगलवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शीर्ष कमांडरों को संबोधित किया। जिसमें सबसे पहले उन्होंने सेनाओं से ये आह्वान किया कि उन्हें युद्ध के परंपरागत खतरों के बाहर मौजूद सूचना, विचारधारा, पारिस्थितिकी और जैविक युद्ध जैसी गैर-परंपरागत अदृश्य चुनौतियों से दो-दो हाथ करने के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। युद्ध की प्रकृति लगातार बदल रही है और उसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हुए हालिया संघर्षों ने तकनीक से मित्रता रखने वाली सेना के महत्व को उजागर किया है। उभरती हुई चुनौतियों के लिए तीनों सेनाओं के बीच संयुक्तता जरूरी है। साथ ही दुनिया में हो रहे बदलावों, तनावपूर्ण वैश्विक व्यवस्था, क्षेत्रीय अस्थिरता



और उभरते हुए सुरक्षा परिदृश्य के बीच देश के सुरक्षा सिस्टम पर पड़ने वाले प्रभाव का लगातार आकलन करने की आवश्यकता पर भी रक्षा मंत्री ने बल दिया। यहां बता दें कि इस तीन दिवसीय सम्मेलन का आगाज बीते सोमवार को हुआ था। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका उद्घाटन किया था। बुधवार को सीडीएस जनरल अनिल चौहान सम्मेलन में सैन्य कमांडरों को संबोधित करेंगे। रक्षा मंत्रालय ने रक्षा मंत्री के संबोधन को मीडिया से साझा किया है।

## मानसिक स्वास्थ्य देखभाल में बाधा बन रहा सामाजिक डर

- मानसिक बीमारी को स्वास्थ्य समस्या के रूप में पहचानना जरूरी, समस्याओं की पहचान जल्दी होने पर उपचार बेहतर तरीके से होता

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

विशेषज्ञों का कहना है कि मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहे लोगों के लिए देखभाल को सुलभ बनाने में सामाजिक डर और जागरूकता की कमी प्रमुख बाधाओं में शामिल हैं। उन्होंने साथ ही इस बात पर जोर दिया कि बेहतर इलाज के लिए शुरुआती निदान जरूरी है। मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे लोगों की देखभाल करने वाली संस्था 'ईमोनीड्स' की संस्थापक और मनोवैज्ञानिक डॉ. नीरजा अग्रवाल ने कहा कि लोग मानसिक बीमारी को स्वीकार करने से भी हिचकिचाते हैं।" उन्होंने कहा कि मानसिक बीमारी को एक स्वास्थ्य समस्या के रूप में पहचानना जरूरी है और इसे व्यक्तित्व दोष के रूप में नहीं बल्कि उसी रूप में माना जाना चाहिए। डॉ. अग्रवाल ने कहा, जैसे मधुमेह और रक्तचाप के लिए आजीवन उपचार की आवश्यकता होती है, ठीक वैसे ही 'सिजोफ्रेनिया' या 'बाइपोलर डिसऑर्डर' जैसी स्थितियों के लिए भी जीवन भर उपचार कराना होता है।"





हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25

## चिंतन

# अब साफ हो गया कि भारत पाक युद्ध विराम में ट्रंप नहीं

भारत शुरू से ही कह रहा है कि भारत-पाक जंग रुकवाने के लिए पाक ने अनुरोध किया था। इसके लिए पाकिस्तानी डीजीएमओ ने भारत के डीजीएमओ को सीधे फोन करके युद्ध रोकने की गुहार लगाई थी। पाकिस्तान के डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशन्स ने बातचीत की पहल की, जिसके बाद चर्चा हुई और सीजफायर पर सहमति बनी। किसी अन्य मुद्दे पर या किसी अन्य स्थान पर बातचीत का कोई निर्णय नहीं लिया गया है और न ही कोई तीसरा इस बातचीत में शामिल था, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक के बाद एक 12 बार ये दावा कर दिया कि भारत-पाक के बीच जंग उन्होंने रुकवाई है। यहां तक कि इन दावों के बीच पाकिस्तान ने भी ट्रंप को शांति का नोबेल पुरस्कार देने का प्रस्ताव रख दिया। अब पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने भारत-पाकिस्तान जंग रुकवाने के डोनाल्ड ट्रम्प के दावे को खारिज कर दिया है। अलजजीरा को दिए इंटरव्यू में उन्होंने पहली बार माना है कि भारत ने कभी भी दोनों देशों के बीच किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता स्वीकार नहीं की। भारत ने साफ तौर पर कहा है कि यह एक द्विपक्षीय मुद्दा है। डार ने तो यहां तक कह दिया कि उन्होंने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो से पूछा था कि क्या अमेरिका, भारत और पाकिस्तान के बीच का विवाद सुलझा रहा है। इस पर रूबियो ने कहा कि भारत का साफ मानना है कि यह एक द्विपक्षीय मुद्दा है। मतलब साफ है कि भारत-पाक के बीच अमेरिका कहीं नहीं था। अमेरिका ने यह भी कहा था कि भारत और पाकिस्तान के बीच बातचीत किसी तटस्थ जगह पर हो सकती है। लेकिन 25 जुलाई को वॉशिंगटन में रूबियो के साथ हुई अगली बैठक में उन्हें बताया गया कि भारत इस प्रस्ताव पर सहमत नहीं है। मतलब साफ है कि भारत-पाक के साथ बातचीत में पहले से ही तय अपने सिद्धांत पर अटल है। कश्मीर अथवा पाक के मामले में तीसरा पक्ष मंजूर नहीं हो सकता है। भारत सदैव शांति का पक्षधर रहा है। रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पुतिन से कहा था कि अब युद्ध का दौर नहीं रहा। लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति की भारत-पाक के बीच मध्यस्थ बनने की लिप्सा केवल और केवल अपने मुंह मिट्ठू होने जैसी थी। वो किसी तटस्थ जगह पर कश्मीर समेत तमाम मसलों पर भारत-पाक के बीच बातचीत के दावे करते रहे, जबकि भारत दो टूक इनकार कर चुका था। वैसे भी ट्रंप की कश्मीर के मामले में मध्यस्थ बनने की ये इच्छा शिमला समझौते के उलट है, जिसमें कहा गया है कि दोनों देश पीओके के मसले को आपस में बैठकर सुलझायेंगे। भारत की स्पष्ट नीति रही है कि उसे कश्मीर के मामले में किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता मंजूर नहीं। पाकिस्तान की हमेशा ये कोशिश रही है कि कश्मीर के मसले को किसी भी तरह से अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाया जाए और किसी तीसरे देश को मध्यस्त बनाया जाए ताकि दुनिया में इसकी चर्चा हो। बड़बोले अमेरिकी राष्ट्रपति पाकिस्तान की इच्छा के अनुरूप ही कश्मीर व अन्य मसलों पर बयानबाजी करते रहे। भारत सरकार को भी इस बारे में अपना रुख सख्ती के साथ स्पष्ट करना चाहिए कि उसे कश्मीर के मामले में किसी तीसरे देश की चौधराहट की जरूरत नहीं है। इस मसले को सुलझाने में भारत खुद सक्षम है ताकि डोनाल्ड ट्रंप के बेतुके बयानों पर किसी तरह से लगाम लगाई जा सके। आतंकवादियों के पनाहगार पाकिस्तान पर विश्वास नहीं किया जा सकता। पाक का इतिहास दगाबाजी का रहा है। इसलिए युद्धविराम के बाद भी भारतीय सेनाओं को सतर्क रहने की जरूरत है।



जन्मदिन
अमित शाह

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की विशेषता है कि वे अपने शासन में समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करने की दृष्टि रखते हैं। समाज का कोई भी वर्ग और व्यक्ति विकास से वंचित न रहे, इस उद्देश्य के साथ नीतियों के निर्माण और क्रियान्वयन पर उनका जोर रहता है। वे शासन को सत्ता का साधन नहीं, सेवा का माध्यम मानते हैं। यही कारण है कि उनकी सरकार में गरीब-कल्याण को केंद्र में रखकर अनेक योजनाएं न केवल शुरू हुईं, अपितु सफलतापूर्वक अपने लक्ष्यों को प्राप्त भी कर रही हैं। वस्तुतः सच्चा नेतृत्व वही होता है, जो हर क्षण राष्ट्र को समर्पित हो और जिसकी दृष्टि वर्तमान से कहीं आगे भविष्य तक देखती हो। नरेंद्र मोदी का यही व्यक्तित्व आज भारत की सबसे बड़ी शक्ति है।

# सशक्त व आत्मनिर्भर भारत के शिल्पी मोदी

सत्रह सितम्बर का दिन कई कारणों से इतिहास में महत्वपूर्ण है। आज के दिन सभी शिल्पकार बंधु व कामगार लोग हर्षोल्लास से विश्वकर्मा जयंती मनाते हैं। आज ही के दिन हैदराबाद को क्रूर निज़ाम और रज़ाकारों से मुक्ति मिली थी। और, आज के ही दिन एक ऐसे जनसेवक का भी जन्म हुआ, जिन्होंने अपना पूरा जीवन देश और देशवासियों को समर्पित कर दिया, हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। मोदी जी का यह जन्मदिन विशेष है, क्योंकि यह उनका 75वां जन्मदिन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ दशकों से कार्य करते हुए मैंने यह अनुभव किया है कि उनका व्यक्तित्व एक राजनेता से कहीं बढ़कर राष्ट्रहित को समर्पित एक ध्येयनिष्ठ नेतृत्वकर्ता का है।

ऐसे नेतृत्वकर्ता, जिनके नेतृत्व के मूल में राष्ट्र का उत्थान और जनता का कल्याण ध्येयवाक्य की तरह विद्यमान है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की विशेषता है कि वे अपने शासन में समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करने की दृष्टि रखते हैं। समाज का कोई भी वर्ग और व्यक्ति विकास से वंचित न रहे, इस उद्देश्य के साथ नीतियों के निर्माण और क्रियान्वयन पर उनका जोर रहता है। वे शासन को सत्ता का साधन नहीं, सेवा का माध्यम मानते हैं। यही कारण है कि उनकी सरकार में गरीब-कल्याण को केंद्र में रखकर अनेक योजनाएं न केवल शुरू हुईं, अपितु सफलतापूर्वक अपने लक्ष्यों को प्राप्त भी कर रही हैं। हम देख सकते हैं कि जनधन योजना ने पचास करोड़ से अधिक लोगों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ते हुए वित्तीय समावेशन की नई इबारत लिखी; उज्ज्वला योजना ने घर-घर तक धुएं से मुक्ति और सम्मानजनक जीवन का संदेश पहुँचाया; आयुष्मान भारत ने गरीबों को स्वास्थ्य की सुरक्षा दी, तो वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना ने गरीब वर्ग को अपने घर का सपना पूरा करने का अवसर दिया। जब भी मैं ऐसी योजनाओं के किसी लाभार्थी की आंखों में संतोष और भरोसा देखता हूं, तो समझ में आता है कि मोदी जी का शासन किस प्रकार से जनकल्याण के उद्देश्य को धरातल पर साकार कर रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक रूप में उन्होंने देश के अनेक हिस्सों में समाज के हर वर्ग के साथ संवाद किया। उनके तपस्वी जीवन का यह वह दौर था, जिसमें उन्होंने देश की आत्मा को नजदीकी से न सिर्फ देखा, बल्कि वह उसकी आतंरिक शक्ति से रूबरू हुए। उनका यह अनुभव उनकी शासन की नीति व कार्यशैली में गरीबो-वंचितों के प्रति संवेदना के रूप में परिलक्षित होता है। संघ के प्रचारक के रूप में ही मोदी जी ने संगठन कला के गुण सीखे और बाद में भाजपा के संगठन शिल्पी के रूप में उन्होंने संगठन कार्य को युगानुकुल बनाने के लिए अनेक सफल नवाचार और प्रयोग किये। मैं स्वयं को सौभाग्यशाली मानता हूं कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रूप में मुझे मोदी जी के मार्गदर्शन व उनके संगठनात्मक अनुभव को राष्ट्रीय स्तर पर अमल में लाने का अवसर मिला। कठिन परिस्थितियों में निर्णय लेने की क्षमता से ही मजबूत नेतृत्व की पहचान होती है। इस मामले में अक्सर मैंने देखा है कि बड़ी से बड़ी परिस्थितियों में भी मोदी जी असाधारण धैर्य और स्पष्ट दृष्टि रखते हैं। 2014 के बाद से ऐसे अनेक अवसर आए, जब देश को बड़े और कड़े निर्णयों की आवश्यकता थी। ऐसे सभी अवसरों पर प्रधानमंत्री मोदी ने नेतृत्व के सूत्रों को पूरी दृढ़ता और कुशलता से थामे रखा और राष्ट्रहित के अनुरूप निर्णय लिए। नोटबंदी और



जीएसटी जैसे कदमों ने आर्थिक सुधारों को गति देते हुए हमारी अर्थव्यवस्था में एक नया अध्याय जोड़ा। अनुच्छेद-370 का ऐतिहासिक उन्मूलन तो सदियों तक याद रखी जाने वाली घटना है। यह निर्णय केवल राजनीतिक साहस को ही नहीं, अपितु राष्ट्रीय एकता और अखंडता के प्रति मोदी जी की अटूट आस्था को भी दर्शाता है। तीन तलाक जैसी सामाजिक कुरीति पर रोक लगाने का निर्णय महिलाओं के सम्मान और अधिकारों की रक्षा का साहसिक कदम था। ये निर्णय आसान नहीं थे। इनमें से कई निर्णयों का विरोध भी हुआ, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी कभी विचलित नहीं हुए। उनके भीतर यह दृढ़ विश्वास था कि यदि राष्ट्रहित में कोई कार्य आवश्यक है, तो उसे विरोध और आलोचना की परवाह किए बिना हर परिस्थिति में पूरा किया जाना चाहिए।अधिक पुरानी बात नहीं है, जब कोविड-19 जैसी महामारी ने पूरी दुनिया को झकझोर दिया था। ऐसे कठिन समय में भी मोदी ने न केवल जनता को आश्वस्त किया, अपितु देश के उद्योगों, वैज्ञानिकों और युवाओं को आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर किया। विश्व यह सोच रहा था कि इस महामारी में भारत का क्या हाल होगा! लेकिन यह हमारे नेतृत्व की कुशलता का ही कमाल था कि देश में न केवल रिकॉर्ड समय में वैक्सीन का निर्माण हुआ, अपितु तकनीक से संचालित निःशुल्क टीकाकरण अभियान के माध्यम से हमने दुनिया के सामने कोविड प्रबंधन का अनुकरणीय मॉडल प्रस्तुत किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने बार-बार यह सिद्ध किया है कि राष्ट्रीय सुरक्षा और आत्मसम्मान से कोई समझौता संभव नहीं। उरी हमले के बाद की सर्जिकल स्ट्राइक ने दुनिया को दिखा दिया कि भारत अब आतंकवाद का मूकदर्शक नहीं रहेगा। पुलवामा की घटना के पश्चात हुई बालाकोट एयर-स्ट्राइक ने इस संकल्प को और भी सुदृढ़ किया। हाल ही में पहलगाम हमले के उत्तर में 7 मई 2025 को संचालित 'ऑपरेशन सिन्दूर' ने इस नीति को निर्णायक रूप से स्थापित किया कि जब-जब देश की अस्मिता और नागरिकों की सुरक्षा पर चोट पहुंचेगी, भारत पूरे साहस और दृढ़ता के साथ उसका प्रत्युत्तर देगा। इन कार्रवाइयों ने न केवल देशवासियों के भीतर विश्वास और गौरव की भावना को सशक्त किया, अपितु विश्व को भी यह संदेश दिया कि नया भारत अपने हितों की रक्षा के लिए हर परिस्थिति का सामना करने को तैयार है। विदेश नीति के क्षेत्र में भी मोदी जी की कार्यशैली अद्वितीय है। आज जब वे किसी अंतरराष्ट्रीय मंच पर खड़े होकर आत्मविश्वास से भारत का पक्ष रखते हैं, तो हम सबके भीतर भी गर्व की लहर दौड़ जाती है। पहले जहां भारत को अक्सर एक उभरते हुए राष्ट्र के रूप में देखा जाता था, वहीं अब मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक नेतृत्वकर्ता की भूमिका लेने की ओर अग्रसर है। चाहे पेरिस जलवायु समझौता हो, जी- 20 सम्मेलन हो या संयुक्त राष्ट्र में दिया गया संबोधन- हर जगह उनका आत्मविश्वास भारत की बढ़ती शक्ति और गौरव का प्रतीक रहा है। उनका व्यक्तित्व केवल नीतियों और कार्यक्रमों तक सीमित नहीं है। उनके भीतर एक विशेष करिश्मा है, जिससे वे सीधे जनता से जुड़ जाते हैं। उनकी वाणी में सहजता और सरलता का वह कौशल है, जो संवाद करते हुए उन्हें सीधे जनता के मन तक पहुंचा देता है। वे जब रेडियो पर 'मन की बात' करते हैं, तो करोड़ों लोग महसूस करते हैं कि प्रधानमंत्री सीधे उनसे संवाद कर रहे हैं। पिछले 11 वर्षों में उनके नेतृत्व में देश ने आत्मसम्मान, आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास की नई ऊंचाइयां छुई हैं, जो मेरी नजर में ऐतिहासिक भी है और अद्वितीय भी। वस्तुतः सच्चा नेतृत्व वही होता है, जो हर क्षण राष्ट्र को समर्पित हो और जिसकी दृष्टि वर्तमान से कहीं आगे भविष्य तक देखती हो। नरेंद्र मोदी का यही व्यक्तित्व आज भारत की सबसे बड़ी शक्ति है।

(लेखक केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## धर्मांतरण
योगेश कुमार सोनी



# लव जिहाद से दहल रहा भारत

देश में हो रही लव जिहाद की घटनाओं ने हिलाकर रख दिया है। जिहादी हर रोज नए-नए पैतरों से अपनी सारी क्षमता का प्रयोग करते हुए सैकड़ों लड़कियों को शिकार बना रहे हैं। केरल जैसे राज्य में तो सारी हदें तब पार हो गई, जब जुलाई के महीने में कोर्ट मैरिज के पचास आवेदन आए और सभी आवेदनों में लड़के मुस्लिम थे और लड़कियां हिंदू। हर रोज राज्य स्तर पर धर्मांतरण विरोधी कानून भी बन रहे हैं लेकिन बावजूद इसके इसमें कोई कमी नहीं आ रही। बीते दिनों राजस्थान सरकार ने अवैध धर्मांतरण रोकने के लिए और कठोर प्रावधानों के साथ नया विधेयक लाने का फैसला किया है। इसके तहत 'राजस्थान विधिविरुद्ध धर्म परिवर्तन प्रतिषेध विधेयक-2025' का प्रारूप तैयार कर लिया गया है, जिसे आगामी विधानसभा सत्र में पेश किया जाएगा। राज्य मंत्रिमंडल ने इस विधेयक के प्रारूप को मंजूरी दे दी है। मध्य प्रदेश में भी इस तरह का कानून लागू हुआ जिसमें अधिनियम के तहत दोषी को 10 साल तक की सजा और एक लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। यह कानून सामूहिक धर्मांतरण को भी कवर करता है। इस अधिनियम के अनुसार, जो कोई भी धर्म परिवर्तन करना चाहता है, उसे 60 दिन पहले जिला मजिस्ट्रेट को पूरी जानकारी के साथ घोषणा करनी होती है। वहीं कोई संभी धार्मिक पुरोहित जो धर्मांतरण समारोह आयोजित करना चाहता है, उसे भी 60 दिन पहले कलेक्टर को सूचना देनी होती है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश व हरियाणा के साथ तमाम राज्यों में धर्मांतरण विरोधी कानून बने हुए हैं लेकिन स्थिति सुधरने की बजाय हर रोज बिगड़ रही हैं। बीते दिनों जिम-जिहाद, पैसा देकर जिहाद, कैब जिहाद जैसे कई नए-नए तरीके के जिहाद सामने आए। देश में लव-जिहाद को लेकर एक अजीब सी स्थिति बन चुकी। कुछ संगठनों ने जब कट्टर मानसिकता के लोगों को पकड़ा तो उन्होनें कई तरह के राज उगले। उनके अनुसार उनको हिंदू लड़कियों को फंसाकर निकाह करने पर पैसा मिलता है। यह भी बताया कि लड़की से शादी करके उन्हें छोड़कर फिर किसी अन्य किसी लड़की को फंसाए जाने को कहा जाता है। इसके अलावा जिहादियों की गिरफ्त से छुटी लड़कियों ने बताया कि हमें सनातम धर्म की बुराई करके इस्लाम को अच्छा बताकर माइंड डाइवर्ट किया और रोज हमें कुछ भभूती खिलाते थे। साथ ही बॉलीवुड का उदाहरण देते थे कि बॉलीवुड में जितने भी मुसलमान हीरो हैं, उनसे सभी बड़े घराने की हिंदू लड़कियां ही शादी करती हैं। यह भी उदाहरण दिया कि बॉलीवुड में मुसलमान लड़कियों ने काम करना बंद कर दिया। सना खान व जायरा वसीम ने यह कहकर बॉलीवुड छोड़ा कि उनका अल्लाह उन्हें इजाजत नहीं देता लेकिन सूत्रों के अनुसार सामने यह आया था कि उन्हें कुछ आतंकी ग्रुप से धमकी मिलती थी कि उन्हें इस्लाम का हवाला देकर बॉलीवुड छोड़ना है। बहरहाल,वहीं लव-जिहाद व धर्मांतरण को लेकर संतों का यह कहना है कि हमारे लोग बच्चों को धर्म के प्रति जागरूक नहीं करते। पूजा-पाठ व अपने धार्मिक ग्रंथों की जानकारी नहीं देते, वहीं इसके विपरीत मुस्लिम लोग अपने बच्चों को बचपन से अपने धर्म के प्रति जागरूक करते हैं। उनके यहां दस साल का बच्चा रोजा रखता है, बचपन से ही उनको कुरान पूरी तरह से पढ़ाई व समझाई जाती है लेकिन हिंदुओं में व्यस्क होने के बाद तक भी उनको हनुमान चालीसा व एक भी चौपाई याद नहीं होती। जहां हम एक ओर एकता का पाठ पढ़ाते हैं, वही जिहादी उनको शुरुआत से नफरत करना सिखाते हैं। इसके अलावा एक शिक्षक ने बताया कि स्कूलों के बाहर बहुत सारे मुसलमान लडक्के खडे.होते हैं और वह केवल हिंदू लड़कियों को ही टारगेट करते हैं। बीते दिनों जिम-जिहाद देशभर में बहुत गूंजा जिस पर कुछ हिंदू संगठनों ने कहा कि जिम में केवल हिंदू लड़कियां व महिलाएं ही आती हैं, एक भी मुस्लिम महिला व लड़की नहीं आती और जितने भी ट्रैनर हैं वह सभी मुस्लिम हैं। कुछ मुस्लिम पूंजीपतियों ने अपने जिम खोले जिसमें सभी पुरुष ट्रेनर मुस्लिम थे और लड़कियां हिंदू हैं । कोई मुस्लिम लड़की आ भी जाती थी तो उसको जिम में एडमिशन नहीं दिया जाता। दरअसल, हम लोग इस बात की गंभीरता नहीं समझ पा रहे हैं लेकिन सबकी नजर इस समय हिंदुस्तान पर ही है। भारत को इस्लामिक करने में कई देश व कट्टर इस्लामिक संगठन लगे हुए हैं। एक विदेशी मुस्लिम लेखक ने अपने एक लेख में कहा है कि 'हिंदुस्तान की हुकूमत सोई हुई है और यदि ऐसा ही रहा तो 2040 तक भारत इस्लामिक राष्ट्र बन जाएगा और कट्टरपंथी उसके कुछ वर्ष बाद हिंदुओं का पाकिस्तान में रह रहे हिंदुओं जैसा हाल करेंगे। इसलिए अब समय के साथ जागरूक हो जाना ही बेहतर है अन्यथा आने वाला समय चिंताजनक होगा। प्रेम करना अपराध नहीं लेकिन किसी गलत हाथों में पड़कर अपनी जिंदगी व अपने घरवालों के सम्मान के साथ खेलने वाली लड़कियों को अब समझना होगा कि क्या गलत है और क्या सही?

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## वार्ता से हर समस्या का हल संभव



संकलित
दर्शन

वार्ता से प्रत्येक व्यक्ति का सरोकार है। जब मन में संदेह उपजे, हृदय अविश्वास से घिर जाए, मस्तिष्क में विचार न ठहरे, तब वार्ता से ही रास्ता निकलेगा। कोई भी विवाद हो, कैसी भी समस्या हो, फिर भी वार्ता से हल निकल सकता है। संबंधों में कितना भी ठहराव क्यों न आ जाए, लेकिन वार्ता के ताप से रिश्तों पर जमा बर्फ भी पिघल जाती है। वार्ता में शिथिलता के लिए केवल अहंकार दोषी होता है। किसी भी विध्वंस का कारण अंहकार ही रहा है। विश्व शांति की अवधारणा परस्पर संवाद पर ही टिकी है। संवादहीनता से कूटनीति और राजनीति अकेली पड़ सकती है। बातचीत चलती रहे तो विकल्प निकलने की संभावना बढ़ जाती है। चर्चाओं में तर्क, सुझाव और मतों का विभाजन होता रहता है। यह अनवरत प्रक्रिया है। जनता के मध्य निरंतर जनमत पर चर्चा चलती रहती है। लोक चर्चा और लोकमत से संसार की बड़ी समस्याओं पर सकारात्मक निष्कर्ष निकल सकते है। चर्चा या वार्ता को प्रोत्साहित करना उचित है। संवादहीनता को हतोत्साहित करना चाहिए। सभी द्वार भले ही बंद हो जाएं, लेकिन बातचीत का द्वार सदैव खुला रहे। लोग कहते हैं कि पैसों का काम पैसों से ही चलता है, बातों से नहीं। यह बात सच है कि बातों से कोई काम नहीं होता, काम तो काम करने से हो सकता है, लेकिन काम तभी हो सकता है, जब उस काम से पहले कोई विचार स्थिर हो। विचार स्थिर होगा तो उससे संबंधित बात पूरी हो सकेगी और बात होगी तो काम का आदेश होगा। काम का आदेश स्वयं या अन्य प्रकार का हो सकता है।

## कद्दू का तीर्थ स्नान



संकलित
प्रेरणा

एक बार तीर्थ यात्रा पे जाने वाले लोगो का संघ, संत तुकाराम जी के पास जाकर उनके साथ चलने की प्रार्थना की। तुकारामजी ने अपनी असमर्थता बताई। उन्होंने तीर्थयात्रियो को एक कड़वा कद्दू देते हुए कहा- मैं तो आप लोगो के साथ आ नहीं सकता लेकिन आप इस कद्दू को साथ ले जाईए और जहां-जहां भी स्नान करे, इसे भी पवित्र जल में स्नान करा लाये। लोगो ने उनके गूढार्थ पे गौर किए बिना ही वह कद्दू ले लिया और जहां-जहां गए, स्नान किया वहां-वहां स्नान करवाया। मंदिर में जाकर दर्शन किया तो उसे भी दर्शन करवाया। ऐसे यात्रा पूरी होते सब वापस आए और उन लोगो ने वह कद्दू संतजी को दिया। तुकारामजी ने सभी यात्रियों को प्रीतिभोज पर आमंत्रित किया। तीर्थयात्रियों को विविध पकवान परोसे गए। तीर्थ में घूमकर आए हुए कद्दूकी सब्जी विशेष रूप से बनवाई गई थी। सभी यात्रियों ने खाना शुरू किया और सबने कहा कि यह सब्जी कड़वी है। तुकारामजी ने आश्चर्य बताते कहा कि यह तो उसी कद्दू से बनी है, जो तीर्थ स्नान कर आया है। बेशक यह तीर्थाटन के पूर्व कड़वा था, मगर तीर्थ दर्शन तथा स्नान के बाद भी इसी में कड़वाहट है! यह सुन सभी यात्रियों को बोध हो गया कि हमने तीर्थाटन किया है लेकिन अपने मन को एवं स्वभाव को सुधारा नहीं तो तीर्थयात्रा का अधिक मूल्य नहीं है। हम भी एक कड़वे कद्दू जैसे कड़वे रहकर वापस आए हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### डीप टेक से सशक्त होता भारत

अभियंता दिवस केवल इंजीनियरों के सम्मान का अवसर नहीं है, बल्कि उन असंख्य विचारों, प्रयासों और तकनीकी नवाचारों का उत्सव है, जिन्होंने भारत को आधुनिकता की राह पर अग्रसर किया है। इस वर्ष अभियंता दिवस का विषय है 'डीप टेक और इंजीनियरिंग उत्कृष्टता : भारत के टेकएड को आगे बढ़ाना।' यह विषय विशेष रूप से प्रासंगिक है, क्योंकि भारत आज तकनीकी नवाचार के नए युग में प्रवेश कर चुका है, जहां कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्वांटम कंप्यूटिंग, रोबोटिक्स, जैव-इंजीनियरिंग और नैनो टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में डीप टेक समाधान देश की आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान बन रहे हैं।

*- मनोज साहू, बलौदाबाजार*

## करंट अफेयर

# खैबर पख्तूनख्वा में पोलियो निगरानी टीम का अपहरण

पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में अज्ञात हथियारबंद लोगों ने पोलियो निगरानी टीम के तीन सदस्यों का अपहरण कर लिया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी। पुलिस ने बताया कि यह घटना सोमवार को दक्षिणी वजीरिस्तान की सीमा से लगे टैंक जिले यूनियन काउंसिल ऑफ उमरखेल में हुई। जिला निगरानी अधिकारी डॉ. इहसानुल्लाह उन लोगों में शामिल हैं, जिनका अपहरण किया गया। पुलिस के अनुसार, विश्व स्वास्थ्य संगठन से संबद्ध पोलियो निगरानी दल, 15 से 18 सितंबर तक यूनियन ऑफ काउंसिल में चार दिवसीय पोलियो विरोधी अभियान की निगरानी कर रहा था, तभी बंदूकधारियों ने उन्हें रोक लिया और अगवा कर लिया। पुलिस टीमों ने तुरंत इलाके में तलाशी अभियान शुरू कर दिया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान (एनआईएच) के अनुसार, सोमवार को खैबर पख्तूनख्वा में पोलियो के दो नए मामले सामने आए, जिससे इस वर्ष देश में पोलियो के कुल मामलों की संख्या 26 हो गई। अधिकारियों के अनुसार, टैंक जिले में 124 माता-पिता अब भी अपने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने से इनकार कर रहे हैं। पाकिस्तान, अफगानिस्तान के साथ, दुनिया के उन आखिरी दो देशों में शामिल है जहां पोलियो के मामले अब भी सामने आ रहे हैं।



## ऑफ बीट

# ज्वालामुखी की राख से मानव का विकास समझने में मदद

मनुष्य कैसे मानव बने? यह समझना कि हमारे पूर्वज कब, कहाँ और किन पर्यावरणीय परिस्थितियों में रहते थे, मानव विकास की पहेली को सुलझाने का आधार है। दुर्भाग्य से, प्रारंभिक मानव विकास की समयरेखा को निर्धारित करना लंबे समय से कठिन रहा है - लेकिन पूर्वी अफ्रीका में प्राचीन ज्वालामुखी विस्फोट इसकी कुंजी हो सकते हैं। 'प्रोसीडिंग्स ऑफ नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज' में प्रकाशित हमारा नया अध्ययन, केन्या के तुर्काना बेसिन में ज्वालामुखी राख की परतों के बारे में हमारी जानकारी को और पुष्ट करता है। इस स्थान पर कई प्रारंभिक मानव जीवाश्म मिले हैं। इस अध्ययन में वैज्ञानिकों ने केन्या के तुर्काना बेसिन की नारिओकोटोमे टफ्स नामक राख की तीन परतों का उच्च-परिशुद्धता से विश्लेषण किया है। यह क्षेत्र मानव विकास संबंधी अनुसंधानों के लिए विश्व के सबसे महत्वपूर्ण स्थलों में से एक माना जाता है। हमने उच्च-सटीक आयु अनुमान प्रदान किए हैं, जो मानव विकास की एक अधिक परिष्कृत समय-सीमा स्थापित करने की दिशा में एक छोटा सा कदम है। लाखों वर्षों के ज्वालामुखी विस्फोट कई खुलासे कर सकते हैं। पूर्वी अफ्रीका में ग्रेट रिफ्ट वैली कई विश्व-प्रसिद्ध जीवाश्म स्थलों का घर है।



## ट्रेंड

### ज़िंदगी की दिशा

राजनीति में कभी-कभी एक मार्गदर्शक वाक्य पूरी ज़िंदगी की दिशा बदल देता है। जब मैं हिमाचल प्रदेश में विपक्ष का नेता था, नरेंद्र मोदी ने मुझसे पूछा कि मैं सदन में मुद्दे कहाँ से लाता हूँ। मैंने बताया कि अख़बार पढ़कर हम सवाल तैयार करते हैं।

- जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री



### जनहानि अत्यंत दुःखद

देहरादून में टोंस नदी में दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दु:खद है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। इस घटना में काल-कवलित हुए उत्तर प्रदेश निवासियों के परिजनों को 02-02 लाख की आर्थिक सहायता दी जाएगी। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें।

- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र



### वैशाली को बधाई

वैशाली रमेशबाबू को एफआईडीए महिला ग्रैंड स्विस 2025 जीतने पर बधाई! लगातार दूसरी बार यह प्रतिष्ठित खिताब जीतना और महिला कैंडिडेट्स 2026 में जगह बनाना, भारतीय शतरंज के लिए एक उल्लेखनीय उपलब्धि है।

- देवेंद्र फडणवीस, सीएम, महाराष्ट्र



### देश जानना चाहता है

दबाव में आकर असम कांग्रेस के सांसद ने खुद स्वीकार किया है कि वे पाकिस्तान गए थे। लेकिन अब देश जानना चाहता है -वे किसके बुलावे पर गए? वहाँ क्या-क्या देखा? और वहाँ किसका नमक खाया?

- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

हरियाणा सरकार



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

सेवा ही संकल्प,
राष्ट्र प्रथम ही प्रेरणा...75 वर्ष



प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के
2047 - विकसित भारत विज़न के साथ

'विशेष कार्यक्रम' होंगे आयोजित

17 सितम्बर - 2 अक्तूबर, 2025 तक

राज्य स्तरीय समारोह

मुख्य अतिथि
श्री नायब सिंह सैनी
मुख्यमंत्री, हरियाणा

17 सितम्बर, 2025 | नयी अनाज मंडी, रोहतक

इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का होगा शुभारम्भ एवं उद्घाटन

मैराथन का शुभारम्भ



रक्तदान शिविर का उद्घाटन





स्वच्छता अभियान कार्यक्रम



'जीरो वेस्ट योजना' की शुरुआत

नमो पार्क में पौधारोपण कार्यक्रम



महिला श्रमिकों का हेल्थ चेकअप



इसके अतिरिक्त
- प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों का सम्मान
- आयुष्मान कार्डों का होगा वितरण

हरियाणावासियों से निवेदन है कि विशेष कार्यक्रमों में बढ़-चढ़ कर भाग लें।

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @dipr haryana

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा के WhatsApp चैनल से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

# विश्व चैंपियनशिप में अब चोपड़ा पर निगाह आज उतरेंगे खिताब का बचाव करने

एजेंसी ▶▶तोक्यो

भारतीय भाला फेंक सुपरस्टार नीरज चोपड़ा आज बुधवार को यहां क्वालीफिकेशन राउंड के साथ विश्व चैम्पियनशिप में अपने खिताब का बचाव करने का अभियान शुरू करेंगे जिसमें उन्हें पाकिस्तान के ओलंपिक स्वर्ण विजेता अरशद नदीम और जर्मनी के डायमंड लीग चैंपियन जूलियन वेबर की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। चोपड़ा का लक्ष्य पुरुष भाला फेंक में विश्व चैंपियनशिप में अपने स्वर्ण पदक का बचाव करने वाला तीसरा खिलाड़ी बनना होगा।



**यह भारत के लिए होगी ऐतिहासिक प्रतियोगिताः** यह भारत के लिए एक ऐतिहासिक प्रतियोगिता होगी क्योंकि सचिन यादव, यशवीर सिंह और रोहित यादव मैदान पर नीरज के साथ शामिल होंगे, जो इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले देशों में सबसे बड़ी संख्या है।

## चोपड़ा का सामना कल पाक के नदीम से

चोपड़ा 2024 पेरिस ओलंपिक के बाद पहली बार नदीम का सामना करेंगे जिससे उन्हें फ्रांस की राजधानी में दूसरे स्थान पर रहने का बदला लेने का मौका मिलेगा। नदीम ने पेरिस में 92.97 मीटर के शानदार थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था, जबकि चोपड़ा का उस दिन सर्वश्रेष्ठ थ्रो 89.45 मीटर था और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा था। चोपड़ा और नदीम का मुकाबला बुधवार को नहीं होगा क्योंकि दोनों प्रतिद्वंद्वियों को क्वालीफाइंग दौर में दो अलग-अलग ग्रुप में रखा गया है। गुरुवार को फाइनल में उनके आमने-सामने होने की उम्मीद है।

## इन खिलाड़ियों ने जीता दो बार स्वर्ण

चोपड़ा ने 2023 में बुडापेस्ट में आयोजित की गई पिछली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। चेक गणराज्य के दिग्गज और वर्तमान में चोपड़ा के कोच जान जेलेंजी (1993, 1995) और ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स (2019, 2022) ने ही अब तक लगातार दो मौकों पर विश्व चैंपियनशिप का ताज जीता है।

# टीम इंडिया का नया जर्सी प्रायोजक होगा अपोलो टायर्स

नई दिल्ली। अपोलो टायर्स ने भारतीय क्रिकेट टीम की जर्सी प्रायोजक बनने का अधिकार हासिल कर लिया है।

कंपनी ने 579 करोड़ रुपये की बोली लगाकर 3 दावेदारों की दौड़ में बाजी मारी। यह करार तीन वर्षों तक चलेगा, जिसमें 121 द्विपक्षीय मुकाबले और 21 आईसीसी मैच शामिल होंगे। इसने 544 करोड़ रुपये की बोली लगाने वाली कैनवा और 477 करोड़ रुपये की बोली लगाने वाली जेके सीमेंट को पीछे छोड़ते हुए यह करार जीता।

# आनंदकुमार ने रचा इतिहास, पहली बार भारत को स्पीड स्केटिंग में दिलाया स्वर्ण

एजेंसी ▶▶बीजिंग

आनंदकुमार वेलकुमार ने 'स्पीड स्केटिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप 2025' में इतिहास रच दिया है। वह भारत के लिए इस खेल में पहला स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। 22 वर्षीय वेलकुमार ने सीनियर पुरुषों की 1,000 मीटर स्प्रिंट रेस 1:24.924 मिनट समय में पूरी कर स्वर्ण हासिल किया। कुछ दिन पहले ही उन्होंने 500 मीटर स्प्रिंट में 43.072 सेकंड का समय लेकर कांस्य पदक जीता था, जो भारत का सीनियर विश्व चैंपियनशिप में पहला पदक था। स्केटिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप टूर्नामेंट चीन में खेला जा रहा है।



## कंप्यूटर साइंस की कर रहे पढ़ाई

तमिलनाडु के रहने वाले वेलकुमार कंप्यूटर साइंस की पढ़ाई कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, गिंडी से कर रहे हैं। उनकी बड़ी बहन सुबी सुवेथा वेलकुमार भी भारतीय स्केटर हैं। वेलकुमार ने साल 2021 जूनियर विश्व चैंपियनशिप में 15 किलोमीटर प्रतियोगीता में रजत पदक जीतकर किसी भी विश्व चैंपियनशिप में भारत को पहला पदक दिलाने वाले खिलाड़ी भी बने थे। 2 अक्टूबर, 2023 को हुए एशियाई खेलों में वह 3,000 मीटर रिले टीम का हिस्सा रहे, जिसने कांस्य पदक जीता था।

## 6 साल की उम्र से कर रहे स्केटिंग

वेलकुमार ने मात्र 6 साल की उम्र में रोलर स्केटिंग शुरू की और घर के पास बैडमिंटन कोर्ट में कोच अन्ना राजा से प्रशिक्षण लिया। शुरुआती दौर में उन्होंने जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर की स्पीड स्केटिंग प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया और संतोषजनक नतीजे हासिल किए। इन सफलताओं ने उनके मन में इस खेल को गंभीरता से अपनाने का संकल्प मजबूत किया।



# चौथे दिन भारत ने सिर्फ एक मुकाबला जीता, चार बाहर

एजेंसी ▶▶ जगरेब (क्रोएशिया)

भारत की युवा महिला पहलवान विश्व चैम्पियनशिप में संघर्ष करती नजर आईं और दो हारकर बाहर हो गई जबकि वैष्णवी पाटिल (65 किलो) और प्रिया मलिक (76 किलो) की उम्मीदें अभी दूसरे मुकाबले पर टिकी हैं। अंकुश (50 किलो) को क्वालीफिकेशन दौर में नतालिया वराकिना ने 6-5 से हराया। तपस्या को मैक्सिको की बर्था रोजास चावेज ने 4-2 से शिकस्त दी। वराकिना और चावेज अपने अगले मुकाबले हार गईं जिससे भारतीय पहलवानों के लिये भी दरवाजे बंद हो गए।

## पुरुष खिलाड़ियों का प्रदर्शन

पुरूषों के फ्रीस्टाइल वर्ग में सुजीत कलकल (65 किलो) और विकी (97 किलो) रेपेशॉज का फायदा नहीं उठा सके। सुजीत को अमेरिका के रीयल मार्शल रे वुड्स ने 7-5 से हराया जबकि विकी बुल्गारिया के अखमद मागामाएव के खिलाफ 'चित होकर' हार गए।

## वैष्णवी मंगोलियाई पहलवान से हारीं



वैष्णवी ने लाटविया की एल्मा जेडलेरे को 3-1 से हराया लेकिन मंगोलिया की दुनिया की पांचवें नंबर की पहलवान एंखजिन टी से क्वार्टर फाइनल में हार गईं। वहीं 76 किलोवर्ग में प्रिया को इक्वाडोर की पांचवीं रैंकिंग वाली जेनेसिस रीसको वालदेज ने 4-2 से हराया। वालदेज अगर क्यूबा की मिलयाइमी डे ला कोरिडाड मारिन पोट्राइल से अपना सेमीफाइनल मुकाबला जीत लेती है तो प्रिया को रेपेशॉज में जगह मिलेगी।


# दिविता की हीर एक्सप्रेस ने बिखेरा जादू, माता-पिता, दादा-दादी पूरे परिवार के साथ लोग आ रहे हैं सिनेमा

**बच्चे स्कूल से तो दादा-दादी मंदिर-गुरुद्वारे से सीधे पहुंच रहे हैं थिएटर। निर्देशक का दावा, साफ सुथरी पारिवारिक फिल्म ने खींचा पूरे परिवार का ध्यान। हीर एक्सप्रेस ने पकड़ ली है तेज़ रफ्तार, लोगों ने कहा असली फैमिली मूवी। फिल्म मेकर्स के मूवी बोनांज़ा ऑफर्स ने राह बनाई आसान।**

चंडीगढ़। बॉलीवुड की नई फैमिली एंटरटेनर 'हीर एक्सप्रेस' के सिनेमाघरों में चल रहे सैंकड़ों हाउसफुल शो इस बात का सबूत हैं कि यह फिल्म हर उम्र के दर्शकों को अपनी ओर खींच रही है। कहा जा रहा है कि 25-30 सालों बाद ऐसी फिल्म आई है जिसे पूरा परिवार मिलकर देख रहा है। फिल्म में न गालियाँ हैं न कोई वल्गैरिटी और न ही कोई दिखावा। लेकिन परिवार का आपसी प्यार, इमोशंस और रिश्तों की गर्माहट से भरपूर है। थिएटरों में एक साथ तीन पीढ़ियाँ बच्चे, माता-पिता और बुजुर्ग, फिल्म का आनंद ले रहे हैं। फिल्म देखने आए कई बुजुर्ग दर्शकों ने कहा कि हम तो सत्संग से सीधे थिएटर आ गए और साथ ही अपने पोते-पोतियों को भी फिल्म दिखाने लाएं हैं। उनका कहना था कि आजकल ऐसी साफ-सुथरी फिल्में बहुत कम देखने को मिलती हैं और हीर एक्सप्रेस देखना सच में दिल को सुकून दे गया है।

फिल्म की सबसे बड़ी चर्चा इसकी हीरोइन दिविता जुनेजा को लेकर है। डेब्यू फिल्म में ही उन्होंने दर्शकों का दिल जीत लिया। कई कॉलेज स्टूडेंटस ने कहा कि दिविता हमारी रोल माडल बन गई हैं। जिस तरह उन्होंने संघर्ष, परिवार और समाज के बीच अपने सपनों को पूरा किया, वही हमें भी अपनी लाइफ में करना है।




फिल्म समीक्षकों का मानना है कि दिविता का यह डेब्यू आने वाले समय में साल का सबसे यादगार डेब्यू साबित होगा। दर्शकों की तालियाँ और उनका उत्साह दिविता जुनेजा की लोकप्रियता का सबूत है। कइयों ने कहा कि यह फिल्म हर परिवार को देखनी चाहिए क्योंकि यह फिल्म आज की पीढ़ी को अपने संस्कार और रिश्तों की अहमियत सिखाती है। फिल्म के सभी गाने सुपरहिट हो चुके हैं। फिल्म की मजबूत कास्टिंग भी इसकी ताकत बनी। दिविता जुनेजा की दमदार एक्टिंग के साथ आशुतोष राणा की इमोशनल एक्टिंग ने लोगों की आँखें नम कर दीं, जबकि प्रीत कमानी, गुलशन ग्रोवर, संजय मिश्रा, मेघना मलिक प्रीत कमानी और विदेशी कलाकारों ने भी अपने-अपने रोल में जान डाल दी।

डायरेक्टर उमेश शुक्ला को दर्शक 'फैमिली सिनेमा का उस्ताद' कह रहे हैं। 'ओह मॉय गॉड' और '102 नॉट आउट' जैसी हिट्स देने के बाद उन्होंने 'हीर एक्सप्रेस' के जरिए एक माइलस्टोन फिल्म दी है। वहीं कई अन्य दर्शकों ने अपनी प्रतिक्रियाएँ देते हुए कहा कि ऐसा लगा जैसे हम फिल्म में ही गुम हो गए हों। दिविता जुनेजा की सादगी और दमदार अभिनय ने दिल जीत लिया। एक महिला दर्शक ने कहा कि मैं अपनी बेटियों और मम्मी-पापा को लेकर आई हूं, सभी को मूवी बहुत अच्छी लगी। – विज्ञापन





